दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 193
कोटद्वार रविवार
13 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## चीन के साथ सीमा विवाद पर सेना प्रमुख ने कहा- एलएसी पर चीनी सेना की स्थिति चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को कहा कि स्थिति अभी स्थिर है हालांकि यह कब तक जारी रहेगा इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, श्स्थिति स्थिर लेकिन अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि हम 17वें दौर की वार्ता की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति पर सेना प्रमुख ने कहा कि सीमा पर चीन की सेना पीएलए की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

## सीएम के पहुंचने से पहले भरे सड़कों के गड्ढे

**पिथौरागढ़।** सीएम पुष्कर सिंह धामी के सीमांत जनपद भ्रमण से सड़कों की दुर्दशा से भी जनता को राहत मिल गई है। सीएम के आने से चंद घंटे पूर्व ही प्रशासन सड़कों के गड्ढों छिपाने में जुटा रहा। शनिवार को प्रशासन ने नगर के चंडाक, विण सहित अन्य मार्गों में बने गड्ढों मे डामरीकरण किया।

## सिमकुना की शिवानी टम्टा ने पास की नीट परीक्षा, घर में खुशी का माहौल

**बागेश्वर।** बागेश्वर जनपद की सबसे बड़ी पंचायत सिमकुना निवासी शिवानी टम्टा ने नीट परीक्षा पहले प्रयास में ही उत्तीर्ण कर ली है। इस उपलब्धि पर गांव सहित समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर हैं। परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। सामान्य से परिवार की शिवानी के पिता अशोक कुमार टम्टा पुणे शहर में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं, माता बबीता टम्टा आंगनबाड़ी कार्यकत्री है ।ग्वाड़ी गांव में सिमकुना गांव सहित क्षेत्र की पहली बेटी है,जिसने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उसने अपने माता-पिता नाना-नानी एवं गुरुजनों को दी है।

## कार खाई में गिरी, व्यापारी की मौत

पिथौरागढ़ : नगर के चंडाक मार्ग में एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में व्यापारी भुवन गुंज्याल की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार देर रात हुई। शनिवार सुबह सैर सपाटा में पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाल मोहन चंद्र पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव खाई से निकाला। (एजेन्सी)

## होटल के कमरे में मिला युवक का शव

हल्द्वानी : रोडवेज बस स्टेशन के पास एक होटल में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तहसील में नोटरी बेचने का कार्य किया करता था। जानकारी के मुताबिक देवकीनंदन जोशी (40) निवासी ग्राम हरिपुर जमन सिंह तहसील में दरखास्तों, प्रार्थना पत्रों और अन्य दस्तावेजों को लिखने का काम करने वाले अपने भाई किशन चंद्र का सहयोग करता था। शुक्रवार को वह तहसील जाने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। इसकी सूचना परिजनों ने भोटिया पड़ाव पुलिस को दी थी। सर्विलांस जांच में मृतक की लोकेशन डीके पार्क पाई गई। पूछताछ के बाद पता चला कि देवकी नंदन ने शुक्रवार दोपहर होटल में कमरा लिया था। शनिवार दोपहर भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी प्रकाश पोखरियाल और मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी जगदीप नेगी की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर देवकी नंदन फर्श पर पड़ा हुआ मिला।

### उत्तराखंड में फिर कांपी धरती

# दिल्ली-एनसीआर में फिर हिली धरती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर से धरती हिली है। शनिवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक हफ्ते में दूसरी बार राजधानी में भूकंप का झटका महसूस किया गया है। वहीं, उत्तराखंड के पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस हुए।

रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राजधानी और उसके आसपास के गाजियाबाद, नोएडा जैसे इलाकों में तकरीबन 54 सेकंड तक झटकों को लोगों ने महसूस किया। भूकंप के फौरन बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। वहीं, हाईराइज सोसाइटी में रहने वाले कई लोग भी अपनी सोसाइटी के बाहर आ गए।

भूकंप आने पर अकसर ही हम घर से बाहर भागने की कोशिश करते हैं, लेकिन ऐसा तुरंत संभव नहीं हो पाता। ऐसे में भूकंप आने के बाद अगर आप घर में हैं तो कोशिश करें कि फर्श पर बैठ जाएं। पास में टेबल या फर्नीचर है तो उसके नीचे बैठकर हाथ से सिर को ढक लेना चाहिए। इस दौरान घर के अंदर ही रहें और बाहर न निकलें। बिजली के सभी स्विच को बंद कर देना चाहिए। आप घर से बाहर है तो कोशिश करें कि ऊंची इमारतों और बिजली के खंभों से दूर रहें। भूकंप के दौरान लिफ्ट का इस्तेमाल भी करने से बचें।

इससे पहले बुधवार आधी रात को दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस तरह एक हफ्ते में दूसरी बार दिल्ली-एनसीआर की धरती हिली है। बुधवार को रात करीब 1रू57 बजे यूपी के कुछ शहरों और दिल्ली व एनसीआर में भूकंप के झटके लगे थे। नेशनल सेंटर फर सेसमोलजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 आंकी गई थी, जिसका केंद्र नेपाल में धरती से करीब 10 किलोमीटर नीचे था। वहीं, नेपाल में भूकंप की वजह से कच्चे घरों को नुकसान भी

## ऋषिकेश रहा भूकंप का केंद्र, घरों से बाहर निकले लोग

**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। शाम चार बजकर 25 मिनट पर भूकंप आया। जानकारी के अनुसार ऋषिकेश भूकंप का केंद्र रहा। रिक्टर पैमाने में 3.4 तीव्रता दर्ज की गई।इससे पहले नौ नवंबर को तड़के दो बार भूकंप आया था। भूकंप के झटके उत्तराखंड समेत उत्तर भारत में महसूस किए गए थे। रात करीब दो बजे के बाद सुबह 6.27 बजे दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रात में जग रहे लोग दहशत के मारे घरों से बाहर निकल आए थे। सूत्रों के मुताबिक भूकंप का पहला केंद्र नेपाल में था। रिक्टर स्केल में इसकी तीव्रता 6.3 नापी गई थी। भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर अंदर था। वहीं दूसरा केंद्र पिढ़ोरागढ़ रहा, जिसकी तीव्रता 4.3 थी। बता दें कि उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील सिस्मिक जोन फोर में आता है। एक बार प्रदेश ने भूकंप की वजह से बड़ी तबाही झेली है। बीते नौ नवंबर की भोर आए भूकंप ने लोगों के अंदर दहशत भर दी है।




## सुकेश चंद्रशेखर को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए बीजेपी : केजरीवाल

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि भाजपा को ठग सुकेश चंद्रशेखर को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाहिए। मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, केजरीवाल ने दावा किया कि जेल में बंद ठग जल्द ही भाजपा में शामिल हो जाएगा क्योंकि वह भगवा पार्टी (बीजेपी) की भाषा बोल रहा है।केजरीवाल ने कहा, सुकेश चंद्रशेखर भाजपा की भाषा बोलना सीख रहे हैं। यहां तक कि भाजपा भी कहती थी कि केजरीवाल का लाई डिटेक्टर टेस्ट होना चाहिए। अब उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। वह अब किसी भी दिन भाजपा में शामिल होंगे।उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चंद्रशेखर को स्टार प्रचारक बनाया जाना चाहिए, ताकि रैलियों के दौरान लोग उनसे मिलने और उनकी कहानियां सुनने आएं। कम से कम तब तो भाजपा की रैलियों में भीड़ होगी।

## तेलंगाना में गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : पीएम मोदी

**हैदराबाद ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना में गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने लोगों से राज्य में भ्रष्ट और पारिवारिक शासन को समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा, मैं तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम लिए बिना मोदी ने आरोप लगाया कि का-र्रवाई से बचने के लिए भ्रष्टाचारी हाथ मिला रहे हैं। उन्होंने कहा, भ्रष्ट लोग गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की, कि तेलंगाना में भ्रष्टाचार, पारिवारिक शासन और अंधविश्वास का अंधेरा खत्म होने वाला है और विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में हर जगह कमल (भाजपा का प्रतीक) खिलेगा।मोदी ने भ्रष्टाचार और परिवार शासन को गरीबों और विकास का सबसे बड़ा दुश्मन बताया और कहा कि भाजपा दोनों के खिलाफ लड़ रही है और सभी परिवारों की सेवा के लिए भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोगों के भरोसे वाली पार्टी ने तेलंगाना के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग तेलंगाना के नाम पर सत्ता में आए, वे खुद समृद्ध हुए, लेकिन तेलंगाना को पीटे धकेल दिया।हाल ही में मुनुगोड़े विधानसभा उपचुनाव का जिक्र करते हुए मोदी ने दावा किया कि लोगों ने भाजपा में विश्वास जताया है।उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ता पूरी तेलंगाना सरकार को एक विधानसभा सीट पर ले आए। उन्होंने बड़े नेताओं को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इससे पता चलता है कि आप पर लोगों का आशीर्वाद है और आपकी मेहनत का परिणाम दिख रहा है।

### टीएमसी विधायक के बिगड़े बोल

## कहा- बीजेपी नेताओं के आने पर बम मारकर भगाएं, कौवे से की तुलना

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के मंत्री अखिल गिरि द्वारा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को लेकर दिये आपत्तिजनक बयान पर विवाद अभी थमा भी नहीं था कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले पिंगला से तृणमूल कांग्रेस के विधायक अजीत माइति ने भी विवादित बयान दिया है। उन्होंने डेबरा में पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि अगर भाजपा के नेता इलाके में आते हैं तो चाकलेट बम से मारकर उन्हें भगाना चाहिए।

यही नहीं, उन्होंने भाजपा नेताओं की कौवे से भी तुलना की है। माइति ने चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि अगर भाजपा समाज में मतभेद पैदा करने की कोशिश करती हैं, तो करारा जवाब दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने सीएए (ब॥) के मुद्दे पर भाजपा (ठश्रच) को घेरते हुए यह बयान दिया।

उन्होंने कहा, दिसंबर में दिल्ली से भाजपा के कुछ कौवे आएंगे। हम कौवे का पीछा करना भी जानते हैं। हम घर में रखे चाकलेट बमों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने भाजपा को विभाजनकारी बताया। इधर, राज्य में आगामी पंचायत चुनाव से पहले उनके इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।

बता दें कि तृणमूल विधायक माइति हाल में कोलकाता में पुलिस व टेट प्रदर्शनकारियों के बीच हुए झड़प के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिला प्रदर्शनकारी को दांत काटने का समर्थन कर भी विवादों में घिर गए थे।इधर, विपक्षी भाजपा ने इस बयान की आलोचना करते हुए पलटवार किया है। भाजपा के घाटाल सांगठनिक जिले के अध्यक्ष तन्मय दास ने कहा, तृणमूल के पैरों से जमीन खिसक चुकी है। कार्यकर्ता भी पलायन कर रहे हैं। इसलिए तृणमूल नेता इस तरह की बातें कर गुमराह कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कितृणमूल बम-बंदूक की राजनीति कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, रोजगार के नाम पर जो पैसा बेरोजगार युवकों से लूटा गया है, उसे लौटा दें, नहीं तो वे तुम्हारी कुर्बानी देंगे।

# सीमाओं पर बसे गांवों से पलायन देश की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा : धामी

### मुख्यमंत्री ने किया पिथौरागढ़ में शरदोत्सव एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देव सिंह मैदान, पिथौरागढ़ में नगर पालिका परिषद् बोर्ड द्वारा आयोजित शरदोत्सव एवं विकास प्रदर्शनी-2022 का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमान्त क्षेत्रों के समग्र विकास के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वर्तमान में सीमाओं के अन्तिम गांवों को प्रथम गांवों की श्रेणी में मानकर विकास योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया जा रहा है। हमारे सीमान्त गांव सामरिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि सीमान्त क्षेत्रों के स्थानीय लोग केवल नागरिक नहीं है बल्कि हमारे सीमा प्रहरी भी है। देश की रक्षा में उनका योगदान काफी महत्वपूर्ण है। सीमाओं पर बसे गांवों पर पलायन देश की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। इसे लेकर हमारी सरकार सजग है। हमारी सरकार सीमान्त गांवों में रिवर्स पलायन हेतु गंभीर प्रयास कर रही हैं। रोजगार, स्वरोजगार एवं होम स्टे जैसी कई विकास योजनाओं को लेकर हम पलायन रोकने में प्रसासरत है। जिसके परिणामस्वरूप आज कई युवा अपने गांव में वापिस आकर उसे बसाने का कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि पिथौरागढ़ बॉस-गंगोलीहाट मोटर मार्ग के अवशेष कार्य के साथ रामगंगा नदी में मोटर पुल का निर्माण किया जाएगा। पिथौरागढ़ महाविद्यालय में विधि विभाग को प्रारम्भ किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत देव सिंह मैदान के सौन्दर्यीकरण का कार्य प्रारम्भ करने के लिये वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है और इसके प्रथम चरण के लिये 2 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जाती है। पिथौरागढ़ शरदोत्सव के सफल आयोजन हेतु पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी समान सहयोग राशि प्रदान की जायेगी साथ ही पिथौरागढ़ के प्राचीन मंदिरों को मानसखण्ड कोरिडोर में सम्मिलित किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शरदोत्सव के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। आम लोगों को सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी देने का प्रयास भी शरदोत्सव के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अन्य सीमान्त जिलों की तरह पिथौरागढ़ का विकास हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ ही दूरस्थ एवं सीमान्त क्षेत्रों में जैविक कृषि तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत धौलादेवी, मुनस्यारी, बेतालघाट, बेरीनाग के चाय बागानों को जैविक चाय बागान में परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि राज्य हित में 10 से 5 तक कार्य करने की मानसिकता का परित्याग करना होगा, तभी हम राज्य के विकास में सहयोगी बन पायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 7 हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से लोक सेवा आयोग को स्थानांतरित की गई है। आयोग द्वारा भी इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। हमारे युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हों इस दिशा में हमारे प्रयास निरंतर जारी है। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बिशन सिंह चुफाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, राजेन्द्र रावत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



पिथौरागढ़ में शरदोत्सव एवं विकास प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते हुए आयोजक।

**◆इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई कई घोषणाएं◆पिथौरागढ़ के प्राचीन मंदिरों को भी मानसखण्ड कोरिडोर योजना के तहत जोड़ा जाएगा**

# शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों की लगाई क्लास, किया जवाब तलब

### लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई करने को कहा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : भारत सरकार द्वारा जारी विद्यालयों की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) रिपोर्ट में पिछड़ने पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने पीजीआई स्कोर से संबंधी भारत सरकार के यूडाइस पोर्टल की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने व जिलों से समन्वय स्थापित करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिये। विभागीय मंत्री ने विभाग को आंवटित बजट को खर्च करने की धीमी गति पर भी नाराजगी जताई।

**विभाग को स्वीकृत बजट खर्च की धीमी गति पर जताई नाराजगी**

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को शिक्षा महानिदेशालय ननूरखेड़ा में विभागीय समीक्षा बैठक में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 से वर्ष 2021 तक की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) रिपोर्ट में राज्य की कमजोर स्थिति पर विभागीय अधिकारियों की जमकर क्लास ली। विभगीय मंत्री ने सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पीजीआई इंडिगेटर सम्बन्धी सभी ऑनलाइन व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जाय ताकि शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सहित विद्यालयों का अन्य जरूरी डाटा भी ऑनलाइन उपलब्ध हो सके। डॉ. रावत ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यों का निर्वहन पूरी लगन व ईमानदारी से करने की नसीहत भी दी। उन्होंने प्रदेश भर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) में प्रवक्ता एवं वरिष्ठ प्रवक्ताओं के लम्बे समय से रिक्त चल रहे सैकड़ों पदों को शीघ्र भरने एवं डायट की नियमावली तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डायट शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण संस्थानों में से एक है जिनको एनईपी-2020 की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के लिये खुद को तैयार करना होगा। इसके लिये डायट की पृथक नियमावली एवं कैडर का बनाया जाना जरूरी है। विभागीय मंत्री ने विभाग को आंवटित बजट खर्च करने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुये निर्माण एवं अन्य मदों में स्वीकृत धनराशि को समय पर खर्च करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव योगेन्द्र यादव, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आरके कुंवर, निदेशक सीमैट सीमा जौनसारी, निदेशक बेसिक वंदना गर्ब्याल, एपीडी समग्र शिक्षा डॉ. मुकुल सती सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

### भाजपा सांसद ने अंडरवर्ल्ड से जोड़ा बिहार के मुख्यमंत्री का नाम

## कहा-दाऊद से भी हाथ मिला सकते हैं नीतीश



**सासाराम (रोहतास) ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री को लेकर शनिवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सत्ता में आने के लिए दाउद्द इब्राहिम से भी हाथ मिला सकते हैं। पद के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए सांसद ने कहा कि बिहार में विकास की अधिकांश योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा संचालित हैं। आज जितनी भी सड़क व पुल पुलिया का निर्माण हो रहा है वह केंद्र सरकार के पैसे से हो रहा है। इसके बावजूद राज्य की सरकार केंद्र पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाती रहती है।

सांसद ने कहा कि जिस पार्टी के विरोध के नाम पर जनता ने नीतीश कुमार पर भरोसा जताया, वे उसी दल के साथ हो गए। पिछली बार अपनी गलतियों का पश्चाताप कर भाजपा में शामिल हुए, फिर दोबारा कुर्सी की लालच में उसी पार्टी से हाथ मिला जनादेश का अपमान किया है। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है और अपने अपमान का बदला जरूर लेगी।नीतीश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री पद की दावेदारी की तैयारी के सवाल पर सांसद ने कहा कि जो आदमी चुनाव लड़कर विधायक नहीं बन सकता, उसका प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब हास्यास्पद है। नीतीश कुमार कभी भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं। यदि एक बार चुनाव लड़ लें, तो उनका भ्रम स्वतः दूर हो जाएगा। सांसद टेदी पासवान ने बहुप्रतीक्षित पंडुका पुल के लिए केंद्र की सरकार का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयास पर केंद्र ने जिलेवासियों को एक बड़ी सौगात दी है।

# मुख्यमंत्री धामी ने सुनी आमजन की शिकायतें






देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रथम दिवस में पिथौरागढ़ स्थित लोनिवि विश्राम गृह में मुख्य सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन की शिकायतों को सुना। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनपद के विभिन्न महिला संगठनों व महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों, प्रधान संगठन के सदस्यों, मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों, सस्ता गल्ला विक्रेता संगठन के सदस्यों आदि से भेंटवार्ता कर उनकी समस्याओं को भी सुना। मुख्य सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 250 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिनमें से अधिकांश शिकायतें आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने से संबंधित थी। इसके अलावा सड़क व पुल निर्माण, रोजगार आदि से सम्बधित शिकायतें भी लोगों द्वारा दर्ज कराई गई। मुख्यमंत्री धामी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस अवसर पर जनपद के विभिन्न महिला संगठनों एवं महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भेंटवार्ता की गई तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने स्वरोजगारपरक कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किये जा रहे उत्पादन कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल का जिक्र करते हुए देशवासियों से आग्रह किया कि जहां भी जाएं एक संकल्प करें कि यात्रा पर जितना भी खर्च करते हैं उसका कम से कम 5 प्रतिशत वहां के स्थानीय उत्पाद खरीदने पर खर्च करें। इससे राज्य के उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ देश व दुनिया में उनकी पहचान भी बनेगी। मुख्यमंत्री ने जनपद की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि वे जनपद की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों से भेंटवार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान अवश्य किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, जिलाधिकारी रीना जोशी, एसपी लोकेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच की कड़ी : नौटियाल



नई टिहरी : भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जनपद टिहरी गढ़वाल राजेश नौटियाल का जिला मुख्यालय नई टिहरी पहुंचने पर स्थानीय लोगों सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाढ़ों व फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इससे पहले चंबा में भी जिलाध्यक्ष नौटियाल को स्थानीय लोगों ने जमकर स्वागत किया।

जिला मुख्यालय नई टिहरी पहुंचने पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के साथ भाजपाईयों ने डायजर से हनुमाचौक पर पैदल रैली निकाली। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष के पक्ष में नारेबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद जिलाध्यक्ष नियुक्त होने बाद पहली बार नौटियाल भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनके गले में मालायें डाल व बुके भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि सभी का साथ, सबका विकास उनकी मंशा में शामिल रहेगा। सबको साथ लेकर भाजपा संगठन को जिले में मजबूत करने का काम किया जायेगा। कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच कड़ी का काम कर सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाने का काम तत्परता से करेंगे।

## 6 दिसंबर को एबीवीपी मनाएगी समरसता दिवस

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छह दिसंबर को समरसता दिवस मनाएगी। वहीं 14 नवंबर को बाल दिवस भी मनाया जाएगा। शनिवार को यूआईएचएमटी मोहकमपुर में आयोजित परिषद के जिला अभ्यास वर्ग में ये निर्णय लिया गया।

वर्ग का उद्घाटन व जिला प्रमुख अजय मोहन ने रूपरेखा रखने के साथ किया। इसके बाद पहले सत्र में प्रांत सहमन्त्री ऋषभ रावत ने कहा कि एबीवीपी राष्ट्र के पुर्ननिर्माण के लिये कार्य करने वाला छात्र संगठन हैं। राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ कौशल कुमार ने परिषद का इतिहास बताया। प्रांत कोषाध्यक्ष डॉ रमाकांत श्रीवास्तव ने कार्यपद्धति सत्र लिया।

## प्रस्तावित समान नागरिक संहिता पर चर्चा की



नई टिहरी : उत्तराखंड में लागू करने के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता को लेकर विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने स्थानीय आम लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व कर्मचारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान सम्बंधित प्रासंगिक कानूनों को लेकर भी मंथन किया गया।

जिला सभागार में आहूत बैठक में विशेषज्ञ समिति के सदस्य सेवानिवृत आईएएस शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल व सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौर ने समान नागरिकता की वृहत जानकारी आम लोगों को देते हुए चर्चा की। इस दौरान उत्तराखण्ड राज्य में रहने वाले सभी नागरिकों के व्यक्तिगत नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाले सभी प्रासंगिक कानूनों की जांच करने और मौजूदा कानून में संशोधन के साथ समान नागरिक संहिता के परीक्षण एवं क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के समक्ष उपस्थित लोगों ने विवाह, तलाक, गोद लेना, सम्पति का अधिकार, लिविंग रिलेशनशिप, समलैंगिकता आदि सहित अनेक मुद्दों को लेकर अपने–अपने विचार व सुझाव रखे। विशेषज्ञ समिति ने बताया कि व्यक्तिगत नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाले कायदे कानूनों का परीक्षण कर आवश्यक परिवर्तन एवं संशोधन कर संस्तुति कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है। समिति के सदस्यों ने उपस्थित सभीनागरिकों से विवाह उम्र, बहुविवाह, तलाक, गोद लेना, सम्पति का अधिकार, लिविंग रिलेशनशिप, समलैंगिकता आदि अनेक विषयों पर परिचर्चा कर विचार जाने। प्रबुद्धजनों ने अपने–अपने मत रखते हुए किसी के कईयों ने शादी की उम्र बढ़ाने की बात कही, तो किसी ने कहा कि शादी की उम्र की बढ़ने से अपराधों की संख्या में बढ़ोत्तरी की सम्भावना है।

## सीएम धामी ने की महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के सबंध में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि महिलाओं से संबंधित अपराधों में पुलिस जांच त्वरित और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। ऐसे मामलों की विवेचना में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। साथ ही न्यायालयों में भी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। ताकि अपराधी किसी दशा में बचने न पाएं। प्रदेश में ऐसा माहौल बने कि कोई भी अपराध करने की सोच भी न पाएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय में राज्य में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के सबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस कंट्रोल रूम में बात कर जन शिकायतों के निस्तारण के लिए की जा रही कार्यवाही की जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर थाने में महिला सब इंस्पेक्टर की तैनाती हो। महिला मित्र प्रकोष्ठ की स्थापना की जाए। महिला के प्रति अपराधों को रोकने के लिए जन सहभागिता भी जरूरी है। महिलाओं से जुड़े संगठनों से नियमित सम्पर्क रखा जाए। सिस्टम इस प्रकार का हो कि महिलाओं का इसके प्रति विश्वास बढ़े और वे अपनी शिकायतें बिना संकोच के दर्ज करा सकें। महिला अपराधों से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही हो। शिकायतकर्ता महिलाओं से भी समय–समय पर फीडबैक लिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पुलिस की वेबसाइट पर अपराधियों के नामों की लिस्ट अपलोड की जाए।

## दून के फुटबालर शाश्वत का नेशनल कैंप में चयन

देहरादून। दून के युवा फुटबॉलर शाश्वत पंवार का चयन नेशनल कैंप के लिए हुआ है। ऐसे में उनसे भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद जग गई है। दून निवासी 15 वर्षीय शाश्वत पंवार ने सात साल की उम्र से फुटबॉल खेलना शुरू किया। बाइचुंग भूटिया फुटबॉल एकेडमी में कोच राहुल नेगी के मागदर्शन में उन्होंने फुटबॉल की बारीकियां सीखी। वर्तमान में वह एमेनिटी स्कूल रुद्रपुर में 11वीं की शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही कार्बेट एफसी फुटबॉल क्लब के सा जुड़े। शाश्वत के मेंटर देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सितम्बर में श्रीलंका में हुए सैफ गेम्स के लिए भी शाश्वत का चयन हो गया था।

## श्रम संहिता के विरोध में एकजुट हों मजदूर : डॉ. हेमलता

देहरादून। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के हेमलता ने कहा कि पिछले तीन सालों में कोरोना संकट और सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण उद्योग धंधे बंद हुए हैं। हजारों को मजूदरों को अपना रोजगार गंवाना पड़ा है। कोरोना से बड़ी संख्या में मजदूरों की जान भी गई है। अब सरकार श्रम संहिता लागू करने की तैयारी कर रही है, जिसका ट्रेड यूनियनें पुरजोर विरोध करेगी। गांधी पार्क से जैन धर्मशाला तक रैली के साथ सम्मेलन का आगाज हुआ। शनिवार को जैन धर्मशाला में सीटू का आठवें सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के हेमलता ने कहा कि देश में बेहताशा महंगाई के चलते मजदूर की आय में भारी कमी आई है। केंद्र सरकार ने कोरनाकाल में पुराने कानूनों खत्म करते चार श्रमिक संहिता बनाई है, यह मजदूर विरोधी कानून है। कहा कि मजदूर और कर्मचारियों के लिए जो भी कुछ मिल रहा है, वह ट्रेड यूनियन आंदोलन और संघर्ष का ही परिणाम है। कहा कि यदि श्रम विरोधी कानून लागू हुए तो मजदूर वर्ग की समस्याएं और अधिक बढ़ेगी, उनके खिलाफ सरकार की दमनात्मक कार्रवाई बढ़ेगी, मजदूरों की सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा समाप्त होगी, मालिकों की मनमानी बढ़ेगी और मजदूरों के यूनियन के अधिकार पर हमला होगा। कहा कि पहले के मुकाबले रोजगार, वेतन, मानदेय आदि की सुविधाओं में भारी कटौती होगी। कहा कि श्रमिक विरोधी कानून किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। राज्य सचिव लेखराज ने डॉ. के हेमलता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अध्यक्षता कामरेड राजेंद्र सिंह नेगी, विपिन उनियाल, मदन मिश्रा, कृष्ण गुनियाल, जानकी चौहान ने की। सम्मेलन में इंटक के प्रदेश आध्यक्ष एवं पूर्व काबीना मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, कामरेड वीरेंद्र भंडारी, महावीर शर्मा, केके बोरा, किसान सभा के महामंत्री गंगाधर नौटियाल, एसएफआई अध्यक्ष नितिन मलेठा, जनवादी महिला समिति की महामंत्री दमयंती नेगी, एआईएलयू के महामंत्री शंभू प्रसाद ममगाईं, मुरली मनोहर, राजेंद्र, ताजवर सिंह रावत, जगदीश चंद, एसएस नेगी, विपिन उनियाल आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक स्थलों एवं यात्रा मार्गो को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने की पहल शुरू

रुद्रप्रयाग : जिला प्रशासन की पहल पर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं यात्रा मार्गां को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने की पहल शुरू हो गई है। अभी तक छह महीने के भीतर 26 हजार प्लास्टिक बोतलें इकट्ठा की गई हैं। आगामी यात्रा सीजन में और तेजी से इस अभियान को किया जाएगा। जनपद में केदारनाथ, चोपता–तुंगनाथ, देवरियाताल सहित कई धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर हर साल लाखों पर्यटक पहुंचते हैं।

इस वर्ष अकेले केदारनाथ में करीब 16 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। ऐसे में प्लास्टिक कचरे का निस्तारण एक बड़ी चुनौती था, किंतु जिला प्रशासन ने अथक प्रयासों से इस समस्या को कम करने का एक बड़ा हल निकाल कर जिले में क्यूआर कोड प्रणाली शुरु की है। जिससे यात्रा मार्गो पर बिकने वाली प्लास्टिक की बोतलों पर एक क्यूआर कोड चस्पा कर बोतलों की टैगिंग की जा रही है।

हर क्यूआर कोड लगी बोतल पर बिक्री के समय 10 रुपये अतिरिक्त वसूले जाते हैं, वहीं प्रत्येक बोतल वापस जमा करने वाले को 10 रुपये कमाने का मौका दिया जा रहा है। जिलाधिकारी मूयर दीक्षित ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तहर से बैन किया जा चुका है, ऐसे में यात्रा मार्ग पर लाखों श्रद्धालुओं द्वारा पानी की बोतलों, कोल्ड ड्रिंक सहित अन्य प्लास्टिक का सामान इस्तेमाल करने के बाद उसका उचित निस्तारण बड़ी चुनौती है। रिसायकल संस्था के साथ मिलकर पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर केदारनाथ यात्रा मार्ग एवं दूसरे चरण में चोपता–तुंगनाथ और देवरियाताल मार्ग पर क्यूआर कोड व्यवस्था को लागू किया गया। इस वर्ष पानी की बोतलों पर क्यूआर लगाने से प्रोजेक्ट शुरु हुआ था जबकि बाद में कोल्ड ड्रिंक की बोतलों पर भी इसे लागू किया गया। आगामी यात्राओं में योजना को बड़े पैमाने पर लागू कर सभी प्रकार के प्लास्टिक कचरे को निस्तारित करने के लिए इस्तेमाल करने पर विचार किया जाएगा।

## गंदगी पर डेयरी संचालक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना

देहरादून। अनाधिकृत रूप से डेयरी का संचालन करने और खुले में गोबर बहाना डेयरी संचालक को महंगा पड़ गया। नगर निगम ने "स्वच्छ वार्ड सुंदर दून" अभियान के तहत डीएल रोड पर डेयरी संचालक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही आगे की कार्रवाई के लिए पशु चिकित्साधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा और विधायक खजान दास भी मौके पर मौजूद रहे। टीम में महिपाल, मनीष बरियाल भी शामिल रहे। इधर, मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं साफ बनाने के लिए स्वच्छ वार्ड सुदंर दून अभियान चलाया जा रहा है।

## विशेष प्रमुख सचिव सूचना ने की फिल्म उद्योग विषय पर चर्चा




देहरादून। विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने शनिवार को देहरादून में आयोजित वैली ऑफ वर्ल्ड इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था के विकास चालक के रूप में फिल्म उद्योग विषय पर आयोजित चर्चा में प्रतिभाग किया।

राज्य सरकार द्वारा फिल्म विकास परिषद के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने कहा कि उत्तराखंड राज्य से कई लेखक, एक्टर, फिल्म प्रड्यूसर, एवं फिल्मों के क्षेत्र में कार्य करने वाले नामी चेहरे हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड दिन प्रतिदिन फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक नए शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य फिल्मांकन के लिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने बताया राज्य में पिछले एक वर्ष में करीब 300 से अधिक छोटी बड़ी फिल्मों की शूटिंग की गई है जो कि उत्तराखंड राज्य के लिए एक बड़ा सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य को नए शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार फिल्म सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं नई फिल्म पॉलिसी पर कार्य कर रही है।

विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने कहा कि उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित फिल्म नीति–2022 के संबंध में आम जनता से सुझाव मांगे गये थे, अभी नयी नीति पर काम चल रहा है। उन्होंने फिल्म जगत से आए विभिन्न कलाकारों से नई फिल्म नीति 2022 हेतु सलाह देने का भी आग्रह किया, उन्होंने कहा फिल्म नीति 2022 को इस साल के आखिरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा हम कलाकारों स्थानीय लोगों एक्टर एवं सभी को सामूहिक तौर पर नई फिल्म नीति से जोड़ना चाहते हैं, उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य में बढ़ते फिल्मांकन से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा एवं युवाओं को नए अवसर प्रदान होंगे, उन्होंने कहा यह राज्य आउटडोर शूटिंग डेस्टिनेशन बड़ा हब बनने जा रहा है, साथ ही हम स्थानीय फिल्म कलाकारों एवं स्थानीय बोली में बनी फिल्मों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं जिसके लिए सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में सब्सिडी का क्राइटेरिया भी है। विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर उत्तराखंड में फिल्म सिटी के विस्तार हेतु 100 एकड़ से अधिक भूमि के चिन्हीकरण हेतु कार्य किया जा रही है। उन्होंने कहा इसके साथ ही उत्तराखंड में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के स्टूडियो खोले जाएंगे। उन्होंने कहा हम उत्तराखंड राज्य में फिल्म सिटी को हाई क्वालिटी प्रोडक्शन के तौर पर विकसित करेंगे, ताकि प्री प्रोडक्शन, प्रोडक्शन एवं पोस्ट प्रोडक्शन के कार्य एक ही जगह पर किया जा सके। उन्होंने कहा आने वाले 5 सालों के अंदर फिल्म सिटी पर निश्चित ही जमीनी कार्य दिखने लगेगा। उन्होंने कहा मैदानी इलाके के साथ ही पहाड़ों के दूरस्थ क्षेत्रों को भी शूटिंग डेस्टिनेशन के तौर पर जोड़ने का कार्य किया गया है। उत्तराखंड राज्य के स्थानीय फिल्मों हेतु नए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी विचार किया जा रहा है। साथ ही उत्तराखंड राज्य में जल्द ही यू.के फिल्मफेयर अवार्ड देने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर डायरेक्टर अविनाश ध्यानी, गढ़वाल पोस्ट संपादक सतीश शर्मा, एक्टर कुणाल शमशेर मल्ला, डॉ राजेंद्र डोभाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने की सीएम धामी से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भेंट की। नवाजुद्दीन सिद्दीकी उत्तराखण्ड में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। रेतु की बेली, चंबा, मसूरी एवं देहरादून में उनके द्वारा फिल्मांकन किया गया। उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग के लिए उत्तराखण्ड में बहुत अच्छा वातावरण है। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौंदर्य फिल्मांकन के लिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में हवाई, रेल एवं सड़क कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में फिल्मांकन की दृष्टि से अनेक रमणीक स्थल हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में अच्छे होटल खुलें, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। फिल्मों की शूटिंग के लिए राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता हेमन्त पांडे एवं फिल्म जगत के अन्य कलाकार मौजूद थे।

# आधारकार्ड बनवाने को लैंसडौन से कोटद्वार की दौड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पर्यटक नगरी लैंसडौन के ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने के लिए 41 किलोमीटर दूर कोटद्वार की दौड़ लगानी पड़ रही है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम ग्रामीणों की समस्या को लेकर गंभीरता नही दिखा रहा।

## लैंसडौनवासियों ने समस्या को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन

समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक दलीप सिंह रावत को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि आधार कार्ड में पता ठीक करवाने व गलत नाम सही कराने के लिए लैंसडौन नगर में आधार कार्ड केंद्र की व्यवस्था नहीं है। इस नगर से करीब 100 से अधिक ग्राम जुड़े हुए हैं। कहा कि पूर्व में एक व्यक्ति के पास आधार कार्ड बनाने का जिम्मा था। फिर तहसील परिसर में आधार कार्ड बनाए जाने लगे थे लेकिन दो वर्षो से तहसील में आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं जिस कारण लोगों को आधार कार्ड बनाने के लिए 41 किमी दूर कोटद्वार जाना पड़ रहा है। इस मौके पर लता देवी, हितेश शर्मा, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

# विलुप्त की कगार पर गिद्ध, संरक्षण में जुटा शिक्षक

**पंकज पसबोला**

कोटद्वार। उत्तराखण्ड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे गिद्धों के संरक्षण के लिए पक्षी प्रेमी शिक्षक दिनेश चन्द्र कुकरेती आगे आये है। शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गिद्धों के संरक्षण के लिए जागरूक कर रहे है। शिक्षक श्री कुकरेती अवकाश के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते है। और कुछ विलुप्त होने की कगार पर है।

पौड़ी जनपद में विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे गिद्धों के स्थायी अड्डों में भारी कमी आई है। प्रकृति के सफाई कर्मी और खाद्य शृंखला में अहम भूमिका निभाने वाले गिद्ध अब बड़ी मुश्किल से दिखाई देते है। कीटनाशक दवाईयों का उपयोग गिद्धों के लिए विनाश का कारण बनी हुई है। करीब 20 वर्ष पहले तक गिद्ध आसानी से



पहाड़ी पर बैठे गिद्ध।

## कम हो रहा गिद्धों का प्रातवास

गिद्ध ऊंचे पेड़ों पर अपना आशियाना बनाते हैं। इनका सबसे पसंदीदा आवास सेमल के पेड़ होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में सेमल के पेड़ों का बड़े पैमाने पर कटान हुआ है। जिससे गिद्धों का प्राकृतिक आवास छिन रहा है। शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती का यह मानना है कि गिद्धों और दूसरे परिंदों को बचाने के लिए पेड़ों को बचाया जाना बेहद जरूरी है। क्योंकि गिद्ध हमारी प्रकृति का अहम हिस्सा है, लेकिन इस पक्षी की कई प्रजातियां आज लुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, वनों में आग न लगाये और मृत मवेशियों को गिद्ध के भोजन हेतु सुरक्षित स्थान पर रखें।

वह रिखणीखाल, नैनीडांडा और द्वारीखाल ब्लॉक में पहाड़ियों में गिद्धों के अड्डों को पुनः जीवित करने हेतु कार्य कर रहे है। शिक्षक का कहना है कि गिद्धों के संरक्षण के लिए जल्द ही कदम नहीं उठाये गये तो गिद्धों के विलुप्त होने में समय में नहीं लगेगा। क्योंकि गिद्ध की कुछ प्रजातियां विलुप्त हो गई दिखाई देते थे, किंतु अब यह दुर्लभ हो गया हैं। पौड़ी जिले के खिणीखाल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज द्वारी पैनों में कार्यरत शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती वर्ष 2010 से गिद्ध संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने में लगे हुए है। वह गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को गिद्ध संरक्षण की जानकारी देते है। उनके संरक्षण का असर है कि रिखणीखाल, नैनीडांडा और द्वारीखाल ब्लॉक में गिद्धों की संख्या बढ़ रही है। शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती का कहना है कि 1980 के दशक में उत्तराखण्ड में गिद्धों के 300 से अधिक स्थाई अड्डे थे ऊंचे चट्टानों में थे और हजारों की संख्या में गिद्ध थे। जो उच्च हिमालय से तलहटी हिमालय क्षेत्र में रहते थे और मैदानी क्षेत्र तक आते थे। 1987 से 1991 तक इनकी संख्या में 90 प्रतिशत तक की कमी हुई और वर्ष 2022 तक यह बढ़कर 99 प्रतिशत हो गया। जहां गिद्धों के स्थाई अड्डों की संख्या पहले 300 से अधिक थी जो अब 15 के आसपास रह गई है। पहले अस्थाई अड्डो की संख्या 600 से अधिक थी जो घटकर 50 के आसपास रह गई है। पहले गिद्धों के 200 से अधिक झुण्ड थे जो अब 10 के आसपास रह गये है। गिद्ध की कुछ प्रजातियां विलुप्त हो गई और कुछ विलुप्त होने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1987 से 1991 के बीच ग्रामीणों द्वारा जंगली जानवरों को मारने हेतु मृत मवेशियों में कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग किया गया, जिस कारण गिद्धों के झुण्ड समाप्त हो गये। वर्तमान में गिद्ध की कुछ प्रजातियां विलुप्त हो गई और कुछ विलुप्त होने की कगार पर है।

शिक्षक श्री कुकरेती के अनुसार जंगलों में आग लगने की वजह से गिद्ध विचलित हो रहे है और यह वर्ष 2000 से भोजन की कमी से जूझ रहे है तथा भोजन की तलाश में इन्हें लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। पहले गिद्धों की 9 से 10 प्रजातियां दिखाई देती थी, लेकिन बि 3 से 4 शेष रह गई है। वर्तमान में सर्वाधिक खाकी रंग के गिद्ध दिखाई देते है। यदि समय रहते गिद्धों के संरक्षण के लिए कार्य नहीं किया गया तो ये प्रजाति भी विलुप्त हो सकती है।

# जंगली सूअरों और बंदरों ने की फसल चौपट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** लैंसडौन तहसील क्षेत्र में जंगली जानवरों का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लैंसडौन क्षेत्र में सूअरों और बंदरों ने फसल को चौपट कर दिया है। उत्तराखण्ड कांग्रेस के उपाध्यक्ष/प्रवक्ता धीरेन्द्र प्रताप ने सरकार से सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी यदि किसानों को फौरी राहत ना पहुंचाई गई तो वे मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर सत्याग्रह करेंगे।

धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि बंदरों और सूअरों के उत्पात से यहां के किसान परेशान है। सरकार को कोई खबर नहीं है। कमोबेश यही हालत गढ़वाल वह उत्तराखंड के तमाम क्षेत्रों में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बंदरों और सूअरों के उत्पात से राज्य की आम जनता को निजात दिलाने के लिए तत्काल आपातकाल बैठक बुलाकर जंगली जानवरों के आंतक से निजात दिलाने के लिए सर्व कालीन एक नीति बनाए जाने की मांग की। लैंसडौन के आसपास के गांव जाखमल गांव, जाट तल्ला, असनखेत और रणाकोट सहित अन्य गांवों में जंगली सूअरों और बंदरों ने किसानों की बैंगन, आलू, मूली, लौकी, मेथी सहित अन्य फसल को चौपट कर दिया है है। यह लोग 20 नाली भूमि पर खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं। खेती से ही यहां के लोगों की आजीविका चलती थी, लेकिन फसल को बंदरों और सूअरों द्वारा चौपट कर दिए जाने से किसानों को घर का खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। किसान बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है मुख्यमंत्री न केवल लैंसडौन बल्कि गढ़वाल और समस्त उत्तराखंड के किसानों की फसलों का सर्वे कराएं और जहां-जहां किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है उनकी आर्थिक सहायता कर उन्हें राहत पहुंचाएं।

## संस्था की बैठक आज

**कोटद्वारः** अमर शहीद स्मृति दिव्यांग एवं नेत्रहीन संस्थान की ओर से आज 13 नवंबर को संस्थान सभागार में दिव्यांग जनों की बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में दिव्यांग जनों से संबधित समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए संस्थान अध्यक्ष भोपाल सिंह रावत ने सभी दिव्यांग जनों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# बेहतर समाज निर्माण करता है गुरुकुलः प्रियम्बदा

## कोटद्वार में आयोजति आर्य महासम्मेलन में बोली आचार्य प्रियम्बदा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय महासम्मेलने के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्य प्रियम्बदा ने बेहतर समाज निर्माण में गुरुकुल के महत्व के बारे में बताया। कहा कि हमें जन-जन तक गुरुकुल पद्वति को पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।

शुक्रवार को आर्य महासम्मेलन में योग साधना, संध्या, यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आचार्य प्रियम्बदा वेद भारती तथा गुरु कुल पौंधा के ब्रह्मचारियों द्वारा सम्पन्न करवाया गया। भजनों की सुन्दर प्रस्तुति अंकित शास्त्री द्वारा दी गई। वर्तमान परिवेश में गुरूकुल शिक्षा पद्धति की आवश्यकता पर बोलते हुते आचार्य प्रियम्बदा ने कहा कि आर्य जगत को गुरूकुलों को लेकर गंभीर होना पड़ेगा। डा. दीनदयाल दयाल विद्यालंकार, हरिद्वार–आर्य सभाओं को संगठित होने का



कोटद्वार में आयोजित महासम्मलेन में भाग लेते सदस्य ।

संकल्प लेना होगा। कहा कि विज्ञान के नाम पर अनर्थ न हो,जयन्त आनन्द स्वामी गुरू कुल आर्य समाज की जड़ है। सत्र के दौरान गुरुकुल पौधा एवम् नजीबाबाद के ब्रह्मचारी छात्र–छात्राओं द्वारा देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस सत्र की अध्यक्षता स्वामी प्रणवानंद द्वारा की गई। संचालन आचार्य धनंजय द्वारा की गई। इस अवसर पर सर्वश्री दीपक, आधार, पियुष रामवीर पुरोहित,दीपक बत्रा,जसपाल,अंकित आर्य,विभु ग्रोवर, हरीश वर्मा, कमल, आशुतोष वर्मा सहित अन्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। दूसरे सत्र का विषय उत्तराखण्ड के लिये आर्य समाज का योगदान रहा। मुख्य अतिथि प्रधान सर्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सुरेश चन्द्र आर्य,दिल्ली आर्य प्रतिनिधि विनय आर्य रहे। सत्र की शुरुआत में आर्य कन्या पाठशाला की छात्राओं द्वारा गढ़वाल में 1923 से 1943 तक चले डोला पालिका सामाजिक आन्दोलन पर बहुत सुन्दर नाटिका प्रस्तुत की गई। संचालन आनन्द प्रकाश आर्य द्वारा किया गया। इस मौके पर बाबू राम आर्य, ओमप्रकाश शास्त्री, बलवीर सिंह, पूर्ण सिंह, वासुदेव विमल, देवव्रत, चन्द्रप्रकाश आर्य आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेत्री कमला शाह के निधन पर जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और राज्य आंदोलनकारी कमला शाह के निधन पर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

संगठन कार्यालय में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड राज्य प्राप्ति आंदोलन में सक्रिया भूमिका निभाई। वह चिन्हित राज्य आंदोलनकारी होने के साथ ही पौड़ी जिले की चयन समिति की सदस्य भी थी।

मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, महामंत्री गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह गुसाई, इकरामुद्दीन,विजयपाल सिंह, नरेश अग्रवाल और संजू कश्यप सहित अन्य आंदोलनकारी शामिल रहे।

# कुष्ट आश्रम में बांटे फल व बिस्किट



कोटद्वार में सिलाई केंद्र का भ्रमण करते सदस्य।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सेवा भारती कोटद्वार की ओर से सेवा पर्यटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने कुष्ट आश्रम में पहुंचकर वहां रह रहे लोगों को फल व बिस्किट बांटे।

जिला प्रचारक राहुल व नगर कार्यवाहक प्रशांत कुकरेती के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सदस्यों ने काशीरामपुर तल्ला स्थित कुष्ट आश्रम में पहुंचकर वहां रह रहे लोगों को फल बांटे। वक्ताओं ने कहा कि समाज में रहने वाले गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

इसके सेवा भारती के सदस्यों ने कौड़िया सिलाई केंद्र का भी भ्रमण किया। इस दौरान केंद्र में जल्द ही पंखे व लगवाने का भी निर्णय लिया गया।

इस मौके पर विभाग शारीरिक प्रमुख चंदन, सेवा भारती के अध्यक्ष डॉक्टर आनंद शर्मा, नगर सेवा प्रमुख कोटद्वार रणवीर, नगर प्रचार प्रमुख राजेश जोशी उपस्थित रहे।

# सट्टा खिलवाने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सट्टा खिलवाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से सट्टे की पर्ची व छह हजार रुपये से अधिक की नगदी बरामद हुई है। आरोपी युवक के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ दिखाई दिया।



कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में सट्टा खिलवाने वाला आरोपी

बताया कि जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से सट्टे की पर्ची व छह हजार तीन सौ रुपये बरामद हो गए। आरोपी की पहचार काशीरामपुर नितल्ला निवासी जहीरखान के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

पौड़ी : जिले में अवैध शराब की धरपकड़ को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पैठाणी पुलिस ने चाकीसैंण बाजार से एक व्यक्ति को अवैध शराब के गिरफ्तार किया है। मामले में आबकारी ऐक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पैठाणी वीरेन्द्र रमोला ने बताया है कि पुलिस ने चैकिंग के दौरान चाकीसैंण बाजार के पास नरेन्द्र उर्फ मगनू से 52 पव्वे सैलमेट ब्लैक स्पेशियल के अवैध बरामद हुए है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में मनोज कुमार, मुकेश कुमार हरीश जमलोकी आदि शामिल रहे।

# बैडमिंटन में सुभाष हाउस रहा अव्वल

## श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम स्थान पर रहा।

शनिवार को सीनियर वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुभाष आउस ने अपना परचम लहराया। कैरम प्रतियोगिता छात्रा व छात्रा वर्ग में रमन हाउस विजेता व तिलक हाउस उपविजेता रहा। प्रधानाचार्य बीएम रतूड़ी ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया।



श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी अव्वल रहना चाहिए।

विद्यालय में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज कई युवा खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

# बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू, नवयुग ने जीता उद्घाटन मैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नवयुग विद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ अभियान के तहत 7वीं इंटर स्कूल बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2022 मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमलता नेगी ने शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच मेजबान टीम नवयुग पब्लिक स्कूल (ए) व बलूनी पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें नवयुग पब्लिक स्कूल ने 2-0 से बलूनी पब्लिक स्कूल सीधे सेटों में हराया। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल और फाइनल मैच रविवार को खेले जायेगें।

मुख्य अतिथि ने बालिकाओं को खेल के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में मेजबान सहित 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। दसरे मैच में राईजिंग सन ने विद्या मंदिर उमरावनगर को 2-1 हराया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच में एमकेवीएन ने कान्वेंट टीम को 2-0 पराजित किया। चौथे मैच में डैफोडिल्स ने आरसीडी टीम को 2-0, पांचवे मैच में बाल भारती ने स्कॉलर एकेडमी को 2-0, छठवें मैच में नवयुग पब्लिक स्कूल (बी) टीम ने एमवीएम को 2-0 से हराया। एवीएन और डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम की विपक्षी टीम उपस्थित न होने पर वॉकओवर दिया गया। क्वाटर फाइनल नवयुग पब्लिक स्कूल (ए), नवयुग पब्लिक स्कूल (बी), डैफोडिल्स, राईजिंग सन, एवीएन, एमकेवीएन, डीएवी एवं बाल भारती ने जगह बनाई। इस अवसर पर नवयुग विद्यालय के प्रबंधक डीसीएस नेगी, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम नेगी, विद्यालय संस्थापक हुकम सिंह नेगी सहित हर्ष वर्द्धन बिंजोला, धीरेन्द्र कंडारी, लॉयन्स क्लब के पुनीत कंसल, रोहित बत्रा, हितेश गोयल, प्रशान्त रस्तोगी आदि मौजूद थे।



महापौर हेमलता नेगी बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए।

## 400 मी. दौड़ में कृष्णा, यश ने मारी बाजी

**पौड़ी :** कोट ब्लाक में खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता के तहत 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में कृष्णा ने पहला, ईशा ने दूसरा व सपना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में यश चौहान ने पहला, प्रियांशु ने दूसरा और आदित्य ने तीसरा स्थान पाया। 800 मीटर बालिका में अंकिता बिष्ट पहले, सुनाली तड़ियाल दूसरे व प्राची तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग में अश्वनी ने पहला, गौरव कुमार ने दूसरा और अमित कुमार ने तीसरा स्थान पाया। 1500 मीटर बालिका वर्ग में प्राची पहले ने पहला, गीता नेगी ने दूसरा, दिया ने तीसरा स्थान पाया। बालक में शुभम बिष्ट पहले, सूरज सिंह दूसरे व अभिषेक तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर बालक वर्ग में प्रियांशु राणा पहले, प्रियांशु रावत दूसरे व अनिरुद्ध तीसरे स्थान पर रहे। बालिका में अनामिका ने पहला, दीक्षा ने दूसरा और सीता ने तीसरा स्थान पाया। 200 मीटर बालिका में ईशा ने पहला, शालिनी ने दूसरा और दिव्यांशी ने तीसरा स्थान पाया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ कोट ब्लाक प्रमुख पूर्णिमा नेगी ने किया। इस मौके पर अजय बिजल्वाण, सौरभ बहुगुणा, मनमोहन सिंह, मनीष बछेती, सचिन भटट, अजय भारती, जोत सिंह राणा, प्रवीन, माणिक, कुलदीप आदि शामिल रहे।

# महिलाओं ने सीखें आत्मनिर्भर बनने के गुर




अल्मोड़ा : जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा की ओर से चलाई जा रही ईको स्मार्ट आदर्श ग्राम विकास परियोजना और आजादी का अमृत महोत्सव के तहत खाद्य प्रसंस्करण पर गुरुवार और शुक्रवार को ज्योली सिलिंग ग्राम कलस्तर के किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कलस्तर की महिला कृषकों ने प्रतिभाग किया। वैज्ञानिक डॉ. शैलजा पुनेठा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जी, फलों का खाद्य प्रसंस्करण करना आवश्यक है। इससे किसान अपने उत्पादों का उचित दाम प्राप्त कर सकते हैं। खाद्य प्रसंस्करण की प्रशिक्षक अंजली तिवारी ने महिलाओं को मिर्च का अचार और मडुवे के बिस्किट बनाने का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया। दर्पण संस्था की अध्यक्ष विभू कृष्णा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को हिलांस के हवालबाग स्थित प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण कराया गया। डॉ. देवेन्द्र चौहान ने क्षेत्र में चल रही परियोजना से जुड़े रहने और अधिक से अधिक लाभ लेने को प्रोत्साहित किया। (एजेन्सी)

## अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

बागेश्वर : कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत गत दिनों हुए हादसे में डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है

मालूम हो कि गुरुवार की रात कठायतबाड़ा के पास एक डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

मृतक के भाई गणेश सिंह ने कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 279, 338, 304 अ के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच चल रही है। (एजेन्सी)

## अल्मोड़ा में लगातार बढ़ रहा ठंड का सितम



अल्मोड़ा : अल्मोड़ा जिले में अब लगातार ठंड का सितम बढ़ रहा है। न्यूनतम पारा लुढ़कर पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच रहा है। इससे सुबह–शाम ठंड में काफी इजाफा हो गया है। हालांकि दिन में धूप खिलने से फिलहाल लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिल रही है। शनिवार को भी दिन भर धूप खिली रही, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया, लेकिन इसके बाद भी तापमान में बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली। जिला मुख्यालय में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, ठंड बढ़ने के साथ ही अब लोग घरों की छतों और पार्कों में बैठकर धूप का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। (एजेन्सी)

## तहसील व कचहरी को पुराने कलक्ट्रेट से संचालित किया जाए

अल्मोड़ा : सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से बैठक की गई। जिसमें संगठन की मजूबती को विस्तार से चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने तहसील व कचहरी कार्यालय को पुराने कलक्ट्रेट से संचालित करने की मांग की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हैरिटेज के नाम पर नगर में स्थित कार्यालयों को शहर से दूर स्थापित कर दिया गया है। जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रहीं है। जबकि पूराने कलक्ट्रेट में पर्याप्त स्थान है। इसके अलावा काठगोदाम से अल्मोड़ा तक रेल लाइन बिछाने, सप्ताह और महीने में डीएम का जनता से मिलने का समय तय करने, राज्य आंदोलन में सहभागिता निभाने वाले सभी वर्गों को प्रमाण पत्र देने, गैस की होम डिलीवरी करने, बाजार में पूर्ण तरीके से वाहनों का प्रवेश बंद करने, नगर के हर ओर से धारानौला क्षेत्र में भी सिटी बस का संचालन करने, पेयजल वितरण का समय तय करने की मांग की। वहीं समिति सदस्यों ने एक स्वर में यूजर चार्ज का विरोध किया। बैठक के समापन पर समिति सदस्य विनोद चंद्र पंत के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। संचालन आरपी जोशी ने किया। यहां एएस कार्की, नवीन जोशी, नारायण् सिंह, गंगा सिंह, मदन सिंह, गणेश बिष्ट, एमबी शाह, बिसन सिंह, पीएस मेहरा आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

### प्रधान को धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

बागेश्वर : बास्ती के ग्राम प्रधान को धमकी देने वाले ग्रामीण के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

बास्ती के प्रधान केदार सिंह महर ने बीते गुरुवार को तहरीर दी। कहा कि जब से वह प्रधान बने हैं, तब से गांव का मधन सिंह उनसे रंजिश रखता है। मंदिर और धार्मिक आयोजन के दौरान बार–बार अपमानित करता है। उन्हें जाने से मारने और फंसाने की धमकी देता है।

## मैदानी क्षेत्र के विधायकों की लॉबी के समक्ष सरकार ने किया समर्पण

अल्मोड़ा : उत्तराखंड विधि आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष 29 नवंबर से देहरादून में प्रस्तावित शीतकालीन सत्र के आयोजन पर कड़ा ऐतराज किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ तीन विधायकों के विरोध पर विधानसभा के शीतकालीन सत्र को गैरसैंण में न किए जाने का विरोध पहाड़ के हित में नहीं है, साथ ही शर्तिया तौर पर ये प्रदेश सरकार का मैदानी क्षेत्र के विधायकों की लॉबी के समक्ष समर्पण है। तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड की राजनीति में मैदानी क्षेत्र की लॉबी का वर्चस्व लगातार बढ़ रह है और पहाड़ों की आवाज लगातार कमजोर पड़ रही है। उन्होंने कहा राज्य के नौ जिलों में से ज्यादा विधानसभा सीटें देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहगर, नैनीताल जिले की तराई में हैं। मैदानी जिले उतराखंड की राजनीति की दिशा को तय कर रहे हैं। मैदानी जिलों में बढ़ रही आबादी और इसके परिणाम स्वरूप बढ़ रही विधायकों की संख्या के कारण हर उतराखंडी सरकार गैरसैंण पर नीतिगत निर्णय लेने से भाग रही है। कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र से जुड़े विधायकों को पहाड़ के हक और हित में प्रदेश सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हुए सरकार पर विधानसभा का शीतकालीन सत्र गैरसैंण में आयोजित करने का दबाव बनाना चाहिए। (एजेन्सी)

## भारत जोड़ों यात्रा की तैयारियों को लेकर किया मंथन

अल्मोड़ा : भारत जोड़ो यात्रा के अल्मोड़ा पर्यवेक्षक प्रदेश महामंत्री महेश शर्मा ने शनिवार को अल्मोड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया। भारत जोड़ो यात्रा के लिए विधायक मनोज तिवारी को अल्मोड़ा विस, पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी को अल्मोड़ा नगर, गोपाल चौहान को जागेश्वर, रमेश भाकुनी को सोमेश्वर विस का संयोजक बनाया गया।

कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश महामंत्री महेश शर्मा का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के लिए ब्लॉक स्तर पर कांग्रेसजनों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोना है। कहा कि यात्रा के माध्यम से देश में हो रही महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, भर्ती घोटाले को कांग्रेसी जनता के समक्ष लेकर जाएंगे। जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को पूरे देश में जनता का समर्थन मिल रहा है। अल्मोड़ा में भी कांग्रेसी भारत जोड़ो यात्रा में बढ़चढ़ कर भागीदारी करेंगे। बैठक में विधायक मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रौतेला,नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी, राजेन्द्र बाराकोटी, जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, जिला सचिव दीपांशु पांडेय, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष हवालबाग प्रथम देवेन्द्र सिंह बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष हवालबाग द्वितीय शिवराज सिंह नयाल, पीसीसी सदस्य गोपाल सिंह चौहान, राधा बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष जैंती चन्दन सिंह बिष्ट, प्रदेश महासचिव आईटी प्रकोष्ठ शरद लाल साह, ब्लॉक अध्यक्ष जागेश्वर बिशन सिंह बिष्ट, नरेन्द्र बनौला,पूरन चन्द्र पाटनी, महेश चन्द्र आर्या, जगदीश चन्द्र पांडेय, एनडी पांडेय, रमेश नेगी, जगदीश भैसोड़ा आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## कुमाऊं की क्षेत्रीय बोलियों की शब्दावलियों का संग्रह तैयार करना जरूरी

हल्द्वानी : कुमाऊं की आर्थिक राजधानी हल्द्वानी में तीन दिनी राष्ट्रीय कुमाउनी भाषा सम्मेलन शुरू हो गया है। पहले दिन शुक्रवार को हीरानगर के गोल्ज्यू दरबार में पूजा-पाठ के बाद सम्मेलन का आगाज हुआ। शुभारंभ सत्र में कुमाउनी भाषा की प्राचीनता व उसमें रचे साहित्य, नई शिक्षा नीति और कुमाउनी भाषा को लेकर व्याख्यानमाला का लंबा दौर चला। कुमाउनी भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर भी विद्वानों ने अपने विचार रखे। इस बात पर जोर दिया कि कुमाऊं की सभी क्षेत्रीय बोलियों की शब्दावलियों का एक संग्रह तैयार करना होगा, ताकि कुमाउनी का संरक्षण और संवर्धन हो सके।

कुमाउनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति व कुमाउनी मासिक पत्रिका 'पहरू की ओर से आयोजित 14वें राष्ट्रीय कुमाउनी भाषा सम्मेलन की शुरुआत में छोल्यारों ने पारपंरिक नृत्य और युद्ध कौशल की प्रस्तुति दी। छोल्यारों की धुन पर साहित्यकारों, कलाकारों और इसके संवर्धन की दिशा में काम करने वाले लोगों के कदम जमकर थिरके। हीरानगर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच स्थित आयोजन स्थल पर पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल, पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक, देव सिंह पिलख्वाल, शिक्षाविद् डॉ. केसी जोशी, साहित्यकार हरिसुमन बिष्ट, भारतीय भाषा समिति भारत सरकार के डॉ. राकेश सिंह, संयोजक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट, प्रो. दिवा भट्ट, दयानन्द आर्य, प्रो. देव सिंह पोखरिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। इस दौरान जय नंदा लोक कला केंद्र अल्मोड़ा के कलाकारों ने शगुनाखर, देवी स्तुति 'दैंण है जाये मां दुर्गा भवानी और स्वागत गीत 'धन्य भाग हमारा, तुम जो आया की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर उदय किरौला, पीसी बाराकोटी, ब्रिगेडियर धीरेंद्र जोशी, नमिता सुयाल, गजेंद्र बटरोही, गिरीश चंद्र बिष्ट, हुकुम सिंह कुंवर, रमेश चंद्र धपोला, डॉ. दीपा कांडपाल, डॉ. लता कांडपाल, नारायण सिंह बिष्ट, राजेंद्र ढैला, डॉ. कैलाश डोलिया, बिपिन चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

### विद्यालय को कंप्यूटर दिए

चम्पावत : कुंवर जंग बहादुर सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र–छात्राओं को डिजीटल दुनियां से जोड़ने के लिए रानीखेत की पूर्व छात्रा दीक्षा सती पत्नी चरनजीत और प्रोजेक्ट कांट्रेक्टर रवि कुमार ने अपने एनजीओ एनीथिंग विल डू के माध्यम से विद्यालय को कंप्यूटर प्रदान किए। इससे पहले दीक्षा सती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर और अन्य उपकरणों के माध्यम से आनलाइन पढ़ाई में छात्रों को काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. देवी दत्त जोशी, प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ जोशी, पूरन चंद्र जोशी, नवीन जोशी, राजेन्द्र बिष्ट, हीरा बल्लभ भट्ट, सुंदर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 1.25 करोड़ से होगा अमृतपुर-जमरानी सड़क का जीर्णोद्धार



हल्द्वानी : जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि 1.25 करोड़ रुपये से अमृतपुर-जमरानी मार्ग का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जमरानी बांध निर्माण खंड डिवीजन ने सड़क खुलवाने का कार्य शुरू कर दिया है। एक सप्ताह में मार्ग हल्के वाहनों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी गर्ब्याल ने बताया कि यह मार्ग पिछली आपदा के समय क्षतिग्रस्त हो गया था। मार्ग का एक हिस्सा नदी में समा गया। जिसके बाद से ही मार्ग छोटे व बड़े वाहनों के लिए बंद है। प्रशासन की पहल के बाद निर्माण खंड जमरानी बांध डिवीजन ने सड़क खुलवाने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। सड़क के जीर्णोद्धार के लिए 1.25 करोड़ रुपये का स्टीमेट बनाया है। जिसमें गौला नदी से 17 मीटर ऊंची दीवार बनाई जानी है। इसकी 36 मीटर चौड़ाई में कार्य किया जाना है। इस 36 मीटर के पैच में 12 मीटर के पैच को रिपेयर करके ट्रैफिक का मूवमेंट सुचारु किया जा सकता है। वर्तमान में यहां दुपहिया वाहनों के लिए ही आवाजाही है। इस पैच वर्क के बाद हल्के चौपहिया वाहन भी गुजर सकेंगे। अगले चार-पांच दिनों में यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का कार्य सुचारू कर दिया जाएगा। जिसके पश्चात जल्द ही नदी से नीचे दीवार का काम भी प्रारंभ कर सड़क को पूर्ण रूप से यातायात के लिए खोला जाएगा। (एजेन्सी)

## वाहनों की फिटेनस निजी हाथों में सौंपने से खनन कारोबारियों में रोष

हल्द्वानी : वाहनों की फिटनेस का काम निजी कंपनी को सौंपने की तैयारी से खनन कारोबारियों में रोष है। गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति से जुड़े कारोबारियों ने मामले में परिवहन मंत्री का पुतला फूंका।

शनिवार को गौला गेट में प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट व धर्मेंद्र सिंह मेहरा ने कहा कि परिवहन मंत्री वाहनों की फिटनेस प्राइवेट सेक्टर में देकर वाहन स्वामियों का उत्पीड़न करना चाहते हैं। पहले ही वाहनों को लेकर इतने नियम लागू कर दिए गए हैं कि वाहन स्वामियों की आर्थिक स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि वाहनों की फिटनेस का काम प्राइवेट हाथों में देने से कमीशन खोरी और बढ़ेगी। कारोबारियों ने कहा कि सरकार ने अपनी नीति नहीं बदली तो खनन कारोबारी सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेंगे। इस दौरान रोहित शाह, जगमोहन सिंह मेहरा, हरीश भंडारी, नरेंद्र बगड़वाल, पंकज जोशी, उमेश तिवारी, योगेंद्र बिष्ट, राजेश बिष्ट, हरीश चंद आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

### 45 मरीजों के हुए निःशुल्क ऑपरेशन


चम्पावत : उपजिला अस्पताल में हरेला क्लब ने दो दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर के पहले दिन 45 मरीजों के निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। डॉ. टीडी रखोलिया ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। क्लब अध्यक्ष डीडी भट्ट ने बताया कि निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के पहले दिन 140 ओपीडी हुई।

जिसमें डॉ. रखोलिया ने 45 लोगों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए। बताया अन्य लोगों के आज ऑपरेशन किए जाएंगे। खटीमा से आए डॉ. डीएस नेगी और डॉ. टीडी रखोलिया ने नेत्र रोगियों के सफल ऑपरेशन किए। इस अवसर पर महिला विंग की अध्यक्ष सुमन वर्मा, पुष्पा यादव, शंकर भट्ट, भुवन जोशी, डी खर्कवाल अनिल गड़कोटी, अजय गुरुरानी, राजेंद्र खर्कवाल रहे। (एजेन्सी)

### राजस्व विभाग ने किया व्यापारी का चालान

चम्पावत : डिग्री कॉलेज मार्ग स्थित बाड़ीगाड़ में जेसीबी से अवैध खनन और अतिक्रमण के मामले में राजस्व विभाग ने एक व्यापारी का चालान कर रिपोर्ट एसडीएम को तलब की है। राजस्व विभाग के अनुसार व्यापारी पर भारी भरकम जुर्माना लग सकता है। जिसका खुलासा खान अधिकारी करेंगे। तहसीलदार विजय गोस्वामी शनिवार की शाम क्षेत्र भ्रमण पर थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि नगर पालिका की सीमा में बाड़ीगाड़ नदी में नजूल भूमि में व्यापारी कमल वर्मा ने जेसीबी मशीन लगाकर 19 सौ घनमीटर में अवैध खनन किया था। तहसीलदार ने बताया कि अवैध खनन की विस्तृत रिर्पोट तैयार कर चालानी कर्रवाई के लिए एसडीएम रिंकू बिष्ट को भेज दी है। एसडीएम रिंकू बिष्ट ने बताया कि तहसीलदार की चालानी रिर्पोट के आधार पर कार्रवाई के लिए डीएम को भेजा गया है। (एजेन्सी)

## 502 नेत्र रोगियों ने कराई आंखों की जांच



अल्मोड़ा : विवेकानन्द नेत्रालय देहरादून, राम कृष्ण मिशन आश्रम देहरादून एवं ज्ञानदीप पुस्तकालय मनान के संयुक्त तत्वाधान में 2 दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। पहले दिन कुल 502 लोगों के आँखों की जांच की गई। जिनमें मोतियाबिंद से पीड़ित 31 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। तथा आंखों की अन्य गंभीर बीमारी वाले 11 रोगियों को हायर सेंटर रेफर किया गया।

इसके अलावा 92 लोगों को आंखों के चश्मे वितरित किए गए। चिकित्सा टीम में विवेकानंद नेत्र चिकित्सालय देहरादून के डॉ सौरभ, डॉ बंटी कुमार, डॉ शीश पाल नेगी तथा डॉ राजा दास सम्मिलित रहे।

दूर दराज के गांवों के सैकड़ों बुजुर्गों, महिलाओं आदि ने शिविर का लाभ लिया तथा आयोजकों का आभार जताया।

जबकि संचालन में पूर्व ग्राम प्रधान पूरन सनवाल, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश पांडे, संजय छिम्वाल, योगेश भट्ट, ज्योति छिम्वाल, सिद्धार्थ छिम्वाल, कीर्तिका छिम्वाल आदि ने सहयोग प्रदान किया। (एजेन्सी)

## पोक्सो एक्ट के आरोपित को भेजा जेल



अल्मोड़ा : चौखुटिया पुलिस ने नाबालिग से शारीरिक शोषण के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। चौखुटिया निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर सौंप अपनी नाबालि पुत्री के साथ दुष्कर्म के संबंध में तहरीर सौंपी थी। तहरीर में पेठाना, स्याल्दे निवासी बॉबी आर्या पर नाबालिग का शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष चौखुटिया दिनेश नाथ महंत ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इधर, मामले में शनिवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस टीम में मासी चौकी प्रभारी राहुल राठी, महिला उप निरीक्षक रिंकी, कांस्टेबल राजेंद्र गोस्वामी, महिला आरक्षी पार्वती रावत आदि रहे। (एजेन्सी)

### कुलपति ने कॉलेज का किया निरीक्षण

हल्द्वानी : कम्युनिटी कॉलेज भीमताल में कुमाऊंविश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केएन जोशी ने निरीक्षण किया।

कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. कुमुद उपाध्याय ने बताया शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा निरीक्षण किया गया और शिक्षकों के साथ बैठक की।

साथ ही प्रोफेसर केएन जोशी ने वर्तमान सत्र के पाठ्यक्रम में आवेदनों की वृद्धि करने के दिशा निर्देश दिए। वहीं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. कुमुद ने विभाग के हित में किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। इस दौरान डॉ. मनोज कुमार पांडे, डॉ. पूनम चंद्रा, मनोज पलड़िया, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## लोक अदालत में निपटे सात साल से लंबित तीन मामले



हल्द्वानी : जजी कोर्ट में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित लोक अदालत में विभिन्न वादों पर सुनवाई की गई। इस दौरान लंबित वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को लगाई गई लोक अदालत में विभिन्न वादों पर सुनवाई हुई। इस दौरान सात साल से लंबित चेक बाउंस के तीन मामलों को पांच मिनट में निपटाया गया। सिविल जज जेएम की अदालत में वर्ष 2015 में चेक बाउंस मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई की गई। सिविल जज ने हरीश नाथ और किशोर सिंह के बीच चल रहे वाद का मौके पर निस्तारण किया। इसके अलावा सिविल जज ने ही इसी वर्ष के इस्लाम जहां और साविर हुसैन के वाद का भी निस्तारण किया। एसीजेएम की अदालत ने 2015 के ही चेक बाउंस मामले में श्रीराम कंपनी और मनोज फुलारा के बीच चल रहे वाद पर सुनवाई की। मौके पर वाद के निस्तारण पर वादी और प्रतिवादी ने लोक अदालत का आभार जताया। बताया कि वह बीते सात साल से न्यायालय के चक्कर काट रहे थे। (एजेन्सी)

## घनसाली की सात सड़कों को मिली वित्तीय स्वीकृति, विधायक का जताया आभार

नई टिहरी : राज्य स्थापना दिवस के मौके पर घनसाली विधानसभा में कुल सात सड़कों को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। भाजपा पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने सड़कों की स्वीकृति के लिए क्षेत्रीय विधायक का आभार जताते हुए खुशी जताई है। घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह के प्रयासों से विस क्षेत्र के लिए 3 द्वितीय चरण तथा 4 प्रथम चरण की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

क्षेत्र की कोंती–बणंगाव सिलोली सेरा चिलियालगांव, हडियाण मल्ला से श्री नागेन्द्र देवता मन्दिर खेमचू नामे तोक, ग्राम सटियाला के तोक से गवाणा मल्ला तक के नवनिमार्ण के द्वितीय चरण तथा घुत्तू के पंजा से अक्काणगांव सुनार गांव एवं चक्रगांव तक, पिलखी द्वारा मोटरमार्ग के किमी 2 घाटी पुल से परी थापला गांव तक मोटरमार्ग नव निर्माण कार्यों प्रथम चरण के साथ ही ग्राम सभा बनचुरी के भैस्यारी नामें तोक तक मोटर मार्ग निर्माण, ग्राम सभा कण्डारस्यू बासर जखाण नामे तोक से जखेडगांव तक मोटरमार्ग के निर्माण कार्यों प्रथम चरण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

# छात्रों को दी जाए एनईपी पाठ्यक्रम की जानकारी



ऋषिकेश।राजकीय महाविद्यालय ऋषिकेश में एनईपी पाठ्यक्रम की जानकारी नहीं होने से बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र परेशान हैं। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन से एनईपी पाठ्यक्रम की जानकारी देने और नवनिर्मित शौचालय को खुलवाने की मांग की। शुक्रवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय ऋषिकेश के नवनियुक्त प्राचार्य एमएस रावत को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि जानकारी के अभाव के चलते बीए, बीएससी, बीकॉम के प्रथम सेमेस्टर में एनईपी पाठ्यक्रम को लेकर छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक सम सेमेस्टर के परीक्षा परीणाम घोषित नहीं किए गए हैं। महाविद्यालय परिसर में पुराना शौचालय क्षतिग्रस्त है और नवनिर्मित शौचालय को अभी तक खोला नहीं गया है। इससे छात्र–छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को एनईपी पाठ्यक्रम की पूर्ण जानकारी देने, सम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करने, नवनिर्मित शौचालय को जल्द खुलवाने, पुराने शौचालयों को स्वच्छ एवं दुरुस्त करने, विषम सेमेस्टर की कक्षाएं जल्द शुरू करवाने की मांग की। इस मौके पर गौरव राणा, विनायक, अमन शर्मा, शैलेश, निधि, दीया आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालतों में किया 84 वादों का निस्तारण

पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पौड़ी मुख्यालय में शनिवार को लोक अदालतों का आयोजन किया गया। जिनमें 84 वादों का निस्तारण किया गया। जबकि 45 लाख से अधिक की धनराशि भी वसूल की गई। सीनियर सिविल जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल अकरम अली ने बताया कि पौड़ी में आयोजित लोक अदालत में कई वादकारियों को राहत मिली। शनिवार को आयोजित लोक अदालत में बैंकों से लेकर फौजदारी परिवार न्यायालय आदि वादों का निस्तारण हुआ। पौड़ी मुख्यालय में लोक अदालतों में शनिवार को कुल 88 वाद आए थे जिसमें से 84 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें घटुगाड से आए मुकेश सिंह को करीब चार साल में राहत मिली। मुकेश सिंह चेक बाउंस के मामले में कोर्ट की शरण में आए थे। वादकारी मुकेश सिंह ने बताया कि करीब चार साल पहले रायवाला के पास जमीन लेने की एवज में पैसा दिया गया। लेकिन न तो जमीन की रजिस्ट्री हुई और नहीं पैसा ही वापस मिल पा रहा था। ऐसे में वह अपना मामला लेकर लोक अदालत में आए। लोक अदालत में उनके मामले पर भी सुनवाई हुई। दोनों पक्षों में राजीनाम होने के बाद उनके मामले का निस्तारण हो गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, सिविल जज नेहा कय्यूम सहित वादकारी, प्रतिवादी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

# राजस्व उपनिरीक्षक पर हो कार्रवाई

### आडियो में पूर्व सीएम को लेकर अभद्र टिप्पणी करने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भाजपा मंडल रिखणीखाल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्रियों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाली महिला उपनिरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कहा कि उपनिरीक्षक का आडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो जनता एकजुट होकर आंदोलन करेगी।

इस संबध में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक आडियो में राजस्व उपनिरीक्षक पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व तीरथ सिंह रावत के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रही है। नेता के खिलाफ इस तरहा की भाषा के प्रयोग से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष बना हुआ है। कहा कि सिस्टम के लापरवाह हो जाने के कारण ही इस तरह की घटनाएं जन्म ले रही हैं। इस तरह के अधिकारी व कर्मचारियों पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर राकेश देवरानी, मोहन सिंह नेगी, विनोद रावत, अमित रावत, महेंद्र सिंह नेगी, चंद्रकांत द्विवेदी, भोपाल सिंह नेगी और विपिन मैंदोला आदि थे।

# जिला मुख्यालय पर वन विभाग बनाएगा बाघ कंट्रोल रूम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में वन्य जीवों के हमले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने वन महकमे के अफसरों को कंट्रोल रूम स्थापति कर एक टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है। डीएम ने खासकर गुलदार के हमलों के मद्देनजर संवेदनशील जगहों का चयन कर सूची बनाने को भी कहा है।

वन महकमे के अफसरों के साथ बैठक लेते हुए जिलाधिकारी पौड़ी डा. आशीष चौहान ने कहा कि गुलदार की रिहायशी इलाकों में आने के कई मामले सामने आ रहे है। लोग शिकायत कर इससे निजात दिलाने की मांग कर रहे है। इन्ही शिकायतों के समाधान के लिए वन विभाग जिला मुख्यालय पर बाघ कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए शीघ्र ही एक टोल फ्री नंबर जारी करे।

कहा कि गुलदार के हमले के लिहाज से संवेदनशील स्थानों का चयन किया जाए और एक सूची भी बनाई जाए। गुलदार और अन्य हिसंक जानवर रिहायशी इलाकों से दूर रहे इसके लिए विकल्प सुझाने को भी कहा गया है। कहा कि वन्य जीवों से सुरक्षा एक बड़ा संवेदनशील मसला है जिसका समाधान निकालने के लिए पौड़ी, कोटद्वार व जौंक में प्रायोगिक तौर पर पीआरडी के जवानों से युक्त बाघ सुरक्षा समितियां बनाने के निर्देश भी दिए है।

शहर सुरक्षा प्लान के तहत डीएम ने पौड़ी शहर में विचरण करने वाले गुलदार या तेंदुओं को पिंजरे में पकड़कर अन्य उपयुक्त स्थल पर छोड़ने को कहा, ताकि सम्भावित खतरे को टाला जा सके।

बैठक में डीएफओ गढ़वाल मुकेश कुमार, एसडीएम सदर आकाश जोशी, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश कुमार आदि अफसर मौजूद रहे।

# ढोल-दमाऊं और वाद्य यंत्र रहे आकर्षण का केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : उत्तराखंड की लोक संस्कृति के प्रति समर्पित अपनी धरोहर का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन आदिति स्मृति न्यास में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री लाखीराम जोशी ने कहा कि आधुनिकता के इस युग में विलुप्त होती जा रही अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए अपनी धरोहर संस्था का गठन एक सराहनीय प्रयास है। हम सभी को मिलकर इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लेना होगा। इस कार्य में उनका जो भी सहयोग होगा वह तैयार है। इस मौके पर ढोल दमाऊं और वाद्य यंत्र संगीत आकर्षण का केंद्र रहे।अधिवेशन का शुभारंभ संस्था के संरक्षक व पूर्व कैबिनेट मंत्री लाखीराम जोशी, कार्यक्रम अध्यक्ष अतर सिंह असवाल, प्रमुख समाज सेवी साकेत अग्रवाल, राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर डिमरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अधिवेशन का शुभारंभ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह माहरा, यूकेडी केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी का शुभकामना संदेश के साथ हुआ। इस मौके पर संस्था सचिव विजय भट्ट ने संस्था के पिछले वर्ष के कार्यों का ब्योरा रखा। पिछले साल नवंबर में नैनीताल में प्रथम अधिवेशन हुआ था। उन्होंने संगठन के मूलभूत उद्देश्यों को रखा। इसके बाद कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्ताव रखे और उस पर चर्चा के पश्चात सहमति बनाई। अगले माह युवा व महिला सम्मेलन पर भी चर्चा हुई। उपाध्यक्ष मनमोहन चौधरी, बीएस मेहता, भुवन कांडपाल, कोषाध्यक्ष सतीश पांडेय, विधिक सलाहकार दिवाकर पांडेय, सुनीता जोशी, निवेदिता परमार, श्याम सुंदर रौतेला, लवी चिलवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## नेत्र जांच शिविर आज

कोटद्वार : रोटरी क्लब कोटद्वार के तत्वावधान मे हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन रविवार 13 नवंबर को किया जायेगा।

क्लब के जनसम्पर्क अधिकारी गोपाल बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर रविवार को प्रातः साढ़े 10 से दोपहर डेढ़ बजे तक रोटरी भवन डिफेंस कालोनी नजीबाबाद रोड में लगाया जायेगा।

शिविर में हिमालय अस्पताल के अनुभवी व विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जाएगी। उन्होंने समस्त जनता से अपील की है कि उक्त शिविर में पहुंचकर लाभ उठाये।

## दुष्कर्म मामले में फरार वारंटी घनसाली से गिरफ्तार

ऋषिकेश। रायवाला पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में फरार वारंटी को टिहरी जिले के घनसाली से गिरफ्तार किया। जिसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रायवाला थाना पुलिस के मुताबिक आरोपी साहब सिंह बिष्ट उर्फ कमल सिंह पुत्र स्व. जबर सिंह निवासी चकचोगीवाला थाना रायवाला के खिलाफ 2019 में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह लंबे समय से पेशी में नहीं आ रहा था।

इस पर कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी कर पुलिस को गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस ने मुखबिर की मदद से आरोपी को टिहरी गढ़वाल के घनसाली बस स्टैंड से धर दबोचा। रायवाला थानाध्यक्ष भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

# छुट्टी के समय असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले के सभी थानाक्षेत्रों में पड़ने वाले स्कूलों में छुट्टी के समय असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसएसपी पौड़ी ने महिला हेल्प डेस्क की स्कूटियों को पिंक यूनिट का नाम देते हुए स्कूलों की छुट्टी के समय इनको स्कूलों के बाहर तैनात रखने के निर्देश दिए हैं।

एसएसपी श्वेता चौबे ने जिले में उपलब्ध सिटी पट्रोलिंग, हिल पट्रोलिंग, डायल-112 वाहन आदि द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसएसपी ने कहा कि जिले के थानों पर मौजूद सिटी पेट्रोलिंग, हिल पट्रोलिंग चीता आदि वाहनों की कोडिंग प्रतिसार निरीक्षक रेडियो द्वारा की जाएगी। कहा कि इन वाहनों की हर घंटे की लोकेशन लॉगबुक में नोटकर कार्यवाही भी प्रतिसार निरीक्षक द्वारा की जाएगी। कहा कि थाना क्षेत्रों में इन वाहनों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्विक रिस्पोन्स टाइम को कम कर कार्यों में पारदर्शिता लाने का काम किया जाएगा। उन्होंने जिले के थाना पौड़ी, श्रीनगर, कोटद्वार में चीता वाहन को हर दिन चलायमान स्थिति में रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने हर थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में हर दिन भ्रमण के दौरान अपनी-अपनी लोकेशन भेजने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि जिले के थाना कोटद्वार, श्रीनगर, पौड़ी में मौजूद महिला हेल्प डेस्क की स्कूटियों को पिंक यूनिट नाम दिया जाएगा। पिंक यूनिट में नियुक्त कर्मचारियों का कार्य थाना क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं की छुट्टी के समय स्कूल कॉलेज परिसर के बाहर मौजूद रहकर शांति व कानून व्यवस्था बनाने का कार्य करेंगे। इस दौरान डायल-112 वाहन भी स्कूल कॉलेजों के बाहर तैनात रहेंगे। रेडियो निरीक्षक पिंक यूनिट स्कूटियों की लोकेशन लॉग बुक में नोट कर यूनिट में नियुक्त कर्मचारियों की हर घंटे लोकेशन लेकर हर दिन उनके कार्यों का विवरण उपलब्ध कराएंगे। बैठक में एएसपी संचार अनूप काला, रेडियो निरीक्षक मनोज पांडे, वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार, एससी एमटी परिवहन शाखा विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## नंदासैंण मेला पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न

चमोली : शनिवार को नंदासैंण में चार दिवसीय पर्यावरण संवर्धन, पर्यटन एवं विकास मेला पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया है। मेले के अंतिम दिन आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने खूब झुमाया। मेला पांडाल में मेले के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि नंदासैंण क्षेत्र से पर्यावरण संरक्षण की पहल की गई थी। जिससे इस क्षेत्र का पर्यावरण संरक्षण में अमूल्य योगदान है। नौटियाल ने मेला आयोजित सहित क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग देने की बात कही। वहीं मेले में कलश संस्था रूद्रप्रयाग की ओर से कवि सम्मेलन की प्रस्तुति दी गई। संस्था के ओम प्रकाश सेमवाल सहित तमाम कवियों ने पहाड़ से होते पलायन, विकास, राजनीति पर तंज और व्यंग की कविताएं प्रस्तुत की। वहीं हास्य कविताओं पर दर्शकों को लोट पोट किया। मेला समापन पर सांस्कृतिक, खेल कूद सहित अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों और विजेताओं को समिति ने सम्मानित किया।

## भारत जोड़ो यात्रा के लिए कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

चमोली : कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद चमोली के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप थपलियाल ने जिले के सभी ब्लाकों व नगर वार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

जनपद चमोली पर्यवेक्षक प्रदीप थपलियाल ने बताया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में जनपद चमोली के विभिन्न स्थानों पर 14 से 19 नवंबर तक यात्रा निकाली जाएगी।, जिसके लिए थराली विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक देवाल से संदीप पटवाल, थराली से महावीर बिष्ट, नारायणबगड़ से गजेन्द्र रावत, घाट से शेखर पल्लव, नन्दप्रयाग से विक्रम नेगी, बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के जोशीमठ से विपिन शाह, दशोली से उषा रावत, गोपेश्वर नगर से हरेंद्र राणा, पोखरी से लक्ष्मण बिष्ट, कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के गैरसैंण से कुंवर रावत, कर्णप्रयाग ब्लाक से ईश्वरी मैखुरी, आदिबदरी से अजय किशोर, गैरसैंण नगर से वीरेंद्र आर्य, कर्णप्रयाग नगर से रिबलदेव रावत व गौचर नगर से सुभाष रावत को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जनपद चमोली पर्यवेक्षक व रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रदीप थपलियाल ने सभी ब्लाकों व नगर के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों से अपने अपने क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भारत जोड़ो यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। (एजेन्सी)

## ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ 17 से

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विकासखंड स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत न्याय पंचायत स्तर पर पूर्व में चयनित खिलाड़ियों हेतु विभिन्न विधाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 नवंबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के समापन पर अंडर-14, 17 व 21 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी व खंड विकास अधिकारी जखोली सूर्य प्रकाश शाह ने बताया कि विकासखंड स्तरीय खेल महाकुंभ-2022 के तहत विकासखंड जखोली के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तर पर चयनित प्रतिभागियों हेतु 17 एवं 18 नवंबर को अंडर-14 आयु के बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, बॉलीबाल, बैडमिंटन हेतु जखोली, राइंकॉ. ओंकारानंद व नागराजा सौड़ में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्रवेश हेतु 19 नवंबर को अंडर-21 आयु के बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, बॉलीबाल व बैडमिंटन तथा 20 नवंबर को अंडर-14, 17 आयु के बालक व 21 आयु के बालक-बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## सर्दी में बच्चों का विशेष ध्यान रखें : डा. शर्मा

चमोली : पर्वतीय जिलों में सर्दियों में ज्यादा ठंड होने के कारण यहां के नवजात बच्चों को नवंबर से फरवरी तक निमोनिया रोग होने की आशंका ज्यादा होती है।

इन स्वास्थ्य जोखिमों से निपटने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव शर्मा के निर्देशन में विश्व निमोनिया दिवस पर जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में बच्चों में निमोनिया रोग को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने हेतु सामाजिक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर पवन पाल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बच्चों में विशेषकर नवजात बच्चों को सर्दियों के दिनों में माता–पिता को घरेलू उपचार में समय न लगवाने तथा निमोनिया के कोई भी लक्षण दिखाई देने और तुरंत बच्चों को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकीय परामर्श हेतु भेजना आवश्यक है। साथ ही जन–जन तक समुदाय में लोगों को निमोनिया के बारे में जागरूक करने का बल दिए जाना आवश्यक है। निमोनिया के संबंध में ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एवं एएनएम के द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. एमएस खाती अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चमोली ने बताया कि 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का प्रमुख कारण है। निमोनिया के सामान्य लक्षण तेजी से सांस लेना, खांसी और जुकाम का बढ़ना, सांस लेते समय पसलियां चलना या अंदर की ओर धसना निमोनिया से बचाव के लिए बच्चों को सर्दियों में ऊनी कपड़े पहनाना और जमीन पर नंगे पैर न चलने देना एवं नियमित टीकाकरण के दौरान न्यूमो कोकल कन्ज्यूगेट वैक्सीन (पीसीबी) की तीन खुराक नियत समय पर जन्म के 6 वे सप्ताह, 14 वे सप्ताह एवं 9 माह की उम्र पर अनिवार्य रूप से लगवाना ताकि बच्चों को निमोनिया से बचाया जा सके। कार्यक्रम में ओम प्रकाश भट्ट, उत्तराखंड राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के उदय सिंह रावत, जिला स्वास्थ्य शिक्षा संचार प्रबंधक, जिला वैक्सीन चैन प्रबंधक महेश देवराड़ी, प्रवीण बहुगुणा, रेखा नेगी, राष्ट्रीय किशोर आदि शामिल रहे। (एजेन्सी)

# जयनारायण के नाम मोटर साइकिल तो आशुतोष के नाम निकली स्कूटी

रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि में मंदाकिनी शरदोत्सव के दौरान समापन अवसर पर लक्की ड्रा इनामों की घोषणा की गई। इस मौके पर भारी जनसमूह के सामने लक्की ड्रॉ खोला गया। जिसमें पहला इनाम मोटर साइकिल सिंचाई खण्ड केदारनाथ में कार्यरत जयनाराण बमोला के नाम निकली।

जबकि दूसरा इनाम स्कूटी ग्राम नौला सिमतोली के आशुतोष और तीसरा इनाम टीवी फाटा के प्रांजल सेमवाल के नाम निकाला जबकि चौथा इनाम मोबाइल फोन रियाज बाबू ठेकेदार भीरी के नाम निकला। पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य पाण्डाल पर लक्की ड्रा को लेकर भीड़ उमड़ पड़ी। खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट की मौजूदगी में बच्चों द्वारा पर्ची निकाली गई। मेला समिति के कार्यकारी संयोजक विक्रम नेगी ने मेले की आधारशिला रखने वाले बुजुर्गों को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा सिंचित पौधा उनके सपनों को साकार करते हुए आज वृक्ष का रूप ले चुका हैं। उन्होंने मेले को संचालित करने में सहयोग करने वाले हर एक व्यक्ति, विभाग एवं सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने विशेषकर थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह गुसाईं का आभार जताया जिनके देखरेख में शान्ति व्यवस्था चौकस रही और बिना किसी विवाद के मेला संपंन हो पाया। महासचिव हर्षवर्धन बेंजवाल ने मेले की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। मेलाध्यक्ष नपं अध्यक्ष अरुणा बेंजवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन गिरीश बेंजवाल, धीरसिंह नेगी, कुसुम भट्ट, गंगाराम सकलानी एवं बलबीर लाल ने संयुक्त रूप से किया। समापन अवसर पर पूर्व प्रमुख विनोद चन्द्रा, नपं के सभासद भूपेन्द्र राणा, उमा प्रसाद, पृथ्वीपाल रावत, राजेन्द्र भण्डारी, माधुरी नेगी, विजय पाल राणा, रमेश बेंजवाल, रागनी नेगी, सुधीर बर्त्वाल, लक्ष्मण रावत, सावन नेगी, सुमन जमलोकी, मनोज राणा, आदि सहित मेला समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। (एजेन्सी)

## शिक्षा ही सभी समस्याओं का समाधान : चंद्रशेखर

नई टिहरी : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म दिवस राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पाठ्यक्रम बदलना और शिक्षा को बदलना विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। शनिवार को श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. एम. चंद्रशेखर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के प्राध्यापक डॉ. महेशानंद नौड़ियाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद उदारवादी एवं सार्वभौमिकता के प्रतिपादक थे। शिक्षा केवल आंकड़ों एवं तथ्यों का संग्रह न होकर मनुष्य का समग्र विकास है। शिक्षा से आर्थिक प्रगति, राष्ट्र की सफलता, जीवन में लक्ष्यों को निर्धारित करना आसान हो जाता है। परिसर निदेशक प्रो. एम. चंद्रशेखर ने कहा कि मौलाना कलाम स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री बने और वर्ष 1958 में अपनी मृत्यु तक इस पद पर बने रहे। उनके कार्यकाल में तीन आयोग विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग, माध्यमिक शिक्षा आयोग एवं संस्कृत शिक्षा आयोग बने थे।

## लोक अदालत में 70 मामलों का किया निराकरण

चमोली : राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन का जिला न्यायालय परिसर गोपेश्वर के साथ–साथ न्यायालय परिसर कर्णप्रयाग, जोशीमठ में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से न्यायालय में लंबित और प्री लिटिगेशन के वाद सम्मिलित रहे।

न्यायालय में लंबित 72 वादों में से 70 का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया गया जबकि उपभोक्ता परितोष के 3 मामलों के साथ–साथ बैंक प्री लिटिगेशन के 61 वादों का निस्तारण किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली की सचिव, सीनियर सिविल जज सिमरन जीत कौर ने दी। (एजेन्सी)

## रूद्रप्रयाग विस में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्य : चौधरी

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि रुद्रप्रयाग विधानसभा में ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहे हैं। जो समस्याएं वर्षों से हल नहीं हो पा रही थी, उन पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर जनता की समस्या का समाधान किया है। वहीं कई ऐसे काम है जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सात महीने के कार्यकाल में रुद्रप्रयाग विधानसभा को केंद्र व राज्य सरकार से 200 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति मिली है। रुद्रप्रयाग अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत द्वारा अगस्त्यमुनि ब्लॉक के कोठगी में नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा।

कहा कि नगरासू–छनिका के बीच जल्द ही मोटर पुल निर्माण के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जिससे तल्लानागपुर क्षेत्र बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में 200 लागत की कई योजनाएं संचालित हो रही है। जिसमें महत्वपूर्ण रूप से तल्ला नागपुर लिफ्ट पेयजल योजना फेज–2 लागत 40 करोड़, भरदार पेयजल योजना फेज–2 लागत 25 करोड़ एवं खेड़ाखाल–नवासू लिफ्ट पेयजल योजना लागत 20 करोड़ की लागत से बनने वाली योजना पर कार्य जारी है।

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुशील काला एवं पुत्रवधु भारती काला मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिसके कारण मैं अपने पुत्र सुशील काला एवं पुत्रवधु भारती काला से संबंध विच्छेद करता हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि भविष्य में मेरे पुत्र सुशील काला एवं पुत्रवधु भारती काला द्वारा किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देन किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगें, मैं तथा मेरा परिवार उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगें।

**मदनमोहन काला निवासी 183/3 तेलीपाड़ा बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

# फ्रांस में सस्ती फीस, अंग्रेजी में पढ़ाई का छात्रों को मौका!

**श्रुति व्यास**

फ्रांस की सरकार ने गजब फैसला किया है। पिछले महीने फ्रांस की यूरोप और विदेशी मामलों की मंत्री सुश्री केथरीन कोलोना ने एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। फ्रांस ने तय किया है कि सन् 2025 तक कम से कम 20,000 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे होंगे। फ्रांस में पढ़ाई का खर्च यूरोप के अन्य देशों से काफी कम है। स्नातक पाठ्यक्रमों का औसत शुल्क रू. 13,500 (170 यूरो) प्रतिवर्ष है। इंजीनियरिंग के छात्रों को लगभग रू. 50,000 (620 यूरो) और मेडिकल कालेजों में पढने वालों को रू. 36,000 (450 यूरो) चुकाने पड़ते हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की औसत फीस लगभग रू. 21,000 (260 यूरो) है। ज्यह भारतीय छात्रों के लिए एक वरदान और सुनहरा मौका है। पेरिस पर्यटकों के लिए लाजवाब शहर है। सीन नदी के किनारे चहलकदमी करते हुए, पेरिस की प्रसिद्ध मीठी ब्रेड क्रैसन् का मजा लेना या इस ऐतिहासिक शहर के वर्तमान और अतीत के रहस्यों और रूमानियत से रूबरू होना, सबका मजा है। शुक्रवार की किसी खुशनुमा दोपहर, गुजरे जमाने की याद दिलाते किसी कैफे में सिमान द बोऊआर या सार्त्र की तरह कफी और मेकक्रून का आनंद लेना या 39, रोय डिकेस्टीटो के उस कमरे से गुजरना, जहां कभी अर्नेस्ट हेमिंग्वे अपनी लघु कहानियां लिखा करते थे, उस सबकों, सोचते हुए घूमना बेमिसाल है। या फिर किसी अलसाये से रविवार को किताबों और उनकी नामवर दुकान शेक्सपियर एंड कंपनी के इतिहास में गोते लगाना, एकदम श्एमिली इन पेरिस की तरह! बतौर पर्यटक पेरिस जाने वाले लोग यही कुछ करते हुए इंस्टाग्राम पर अपने फोटो अपलोड करते हैं। और कल्पना करें कि आपको या किसी को कई महीनों या सालों तक अपने दिन और रात पेरिस में बिताने का मौका मिले, विशेषकर एक विद्यार्थी के रूप में तो कहना ही क्या! आखिर इस उम्र में समय और जवानी दोनों आपके साथी होते हैं द्द एक ऐसा छात्र जीवन जिसमें लालित्य भी हो, प्रतिष्ठा भी और जो बहुत महंगा भी न हो। हकीकत है कि इंग्लैंड, अमरीका ब्राजील और कई अन्य देशों के छात्र काफी लंबे समय से पेरिस के विश्वविद्यालयों में पढ़ते आए हैं। लेकिन भारतीय छात्रों के लिए भाषागत समस्यायों के कारण यह कभी व्यावहारिक विकल्प नहीं रहा। परंतु अब हालात बदल गए हैं। फ्रांस चाहता है कि उसके विश्वविद्यालयों में भारत के स्टूडेंट की जिंदादिली, संस्ति और मेधा की गूँज हो। यही कारण है कि पिछले महीने फ्रांस की यूरोप और विदेशी मामलों की मंत्री सुश्री केथरीन कोलोना ने एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। इसमें फ्रांस ने तय किया है कि सन् 2025 तक कम से कम 20,000 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे होंगे। यह भारतीय छात्रों के लिए एक वरदान और सुनहरा मौका है। सोलह वर्ष पहले विदेश में पढने के नाम पर मेरे सामने केवल इंग्लैड और अमेरिका का विकल्प था। उस समय यही वे दो देश थे जहां पढना अच्छा समझा जाता था। और इसका एक बड़ा कारण था इन देशों में अंग्रेजी का पढ़ाई-लिखाई और बोलचाल की भाषा होना। उस समय भारत से छात्र कम से कम स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए विदेश कम ही जाया करते थे। फिर भी मैंने और मेरे पिता ने प्रचलित मानदंडों और परंपराओं को दरकिनार कर मेरी आगे की पढ़ाई के लिए यूके के स्काटलैंड के सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय को चुना। उस समय विदेश पढने जाना इतना आसान नहीं हुआ करता था। आम विद्यार्थियों को यह पता ही नहीं था कि आवेदन कैसे किया जाए और अपने लिए उपयुक्त विश्वविद्यालय कैसे चुना जाएय व्यक्तिगत कथन में क्या लिखा जाए और अपने उद्देश्यों का वर्णन कैसा हो। आईईएलटीएस की तैयारी, धन की व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी भी सहज सुलभ नहीं थी। पूरी प्रक्रिया कष्टदायी तो थी लेकिन मजेदार और परिपूर्णता का अहसास कराने वाली भी थी क्योंकि यह संभावनाओं और अनुभवों से भरे एक चमकीले भविष्य की राह खोलती थी।

# सब के लिए एक-जैसा कानून कैसे ?

**वेद प्रताप वैदिक**

भाजपा राज्यों की सरकारें एक के बाद एक घोषणा कर रही हैं कि वे समान आचार संहिता अपने-अपने राज्यों में लागू करने वाली हैं। यह घोषणा उत्तराखंड, हिमाचल और गुजरात की सरकारों ने की हैं। अन्य राज्यों की भाजपा सरकारें भी ऐसी घोषणाएं कर सकती हैं लेकिन वहां अभी चुनाव नहीं हो रहे हैं। जहां-जहां चुनाव होते हैं, वहां-वहां इस तरह की घोषणाएं कर दी जाती हैं। क्यों कर दी जाती हैं? क्योंकि हिंदुओं के थोक वोट कबाडने में आसानी हो जाती है और मुसलमान औरतों को भी कहा जाता है कि तुम्हें डेढ़ हजार साल पुराने अरबी कानूनों से हम मुक्ति दिला देंगे।

यह बात सुनने में तो बहुत अच्छी लगती है और इतनी तर्कसंगत भी लगती है कि कोई पार्टी या नेता इसका विरोध नहीं कर पाता। हाँ, कुछ कट्टर धर्मध्वजी लोग इसका विरोध जरूर करते हैं, क्योंकि उनकी मान्यता है कि यह उनके धार्मिक कानून-कायदों का उल्लंघन है। यों भी संविधान सभा में सबके लिए समान कानून की धारणा को व्यापक समर्थन मिला था लेकिन क्या वजह है कि आजादी को आए 75 साल बीत रहे हैं और देश में हर तरह की सरकारें बन चुकी हैं, फिर भी किसी सरकार की आज तक हिम्मत नहीं हुई कि वह देश के सभी नागरिकों के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों में एक तरह का कानून बना सके?

संविधान की धारा 44 में कहा गया है कि राज्य की कोशिश होगी कि सारे देश के नागरिकों के लिए एक-जैसा कानून बने। इसके बावजूद सबके लिए एक-जैसा कानून इसलिए नहीं बना कि भारत विभिन्न धर्मों, संप्रदायों, जातियों, कबीलों और परंपराओं का देश है। सारे हिंदू, सारे मुसलमान, सारे आदिवासी, सारे ईसाई भी शादी-विवाह और निजी संपत्ति के मामलों में अपनी-अपनी अलग-अलग परंपराओं को मानते हैं। जब एक तबके में ही एका नहीं है तो सब तबकों के लिए एक-जैसा कानून कैसे बन सकता है? जैसे आंध्र के हिंदुओं में मामा-भानजी के बीच शादी हो जाती है और जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों पर शरीयत-कानून लागू नहीं होता। गोआ का अपना कानून है। वह सबके लिए एक जैसा है। हर सरकार दुविधा में पड़ी रहती है कि समान आचार संहिता लागू करें या न करें।भाजपा के लिए तो यह बड़ा सिरदर्द है, क्योंकि यह उसका मूलभूत चुनावी मुद्दा रहा है। भाजपा सरकार ने 2016 में विधि आयोग से भी इस मुद्दे पर राय मांगी थी। लेकिन उसकी राय भी यही है कि बिल्कुल एक-जैसा कानून सब पर नहीं थोपा जा सकता है लेकिन कई निजी कानूनों में काफी सुधार किया जा सकता है ताकि लोगों को सम्मानपूर्ण जीवन का अधिकार मिल सके और भारत के लोग अपनी सांप्रदायिक परंपराओं के अत्याचारों से मुक्त हो सकें। भारत सरकार को चाहिए कि देश के विधिवेत्ताओं, धर्मध्वजियों और विभिन्न परंपराओं के प्रामाणिक प्रतिनिधियों का एक संयुक्त आयोग स्थापित करे और उससे कहे कि वह 2024 के पहले अपनी संपूर्ण रपट राष्ट्र के विचारार्थ प्रस्तुत करे।

# किसानों को हुनर सीखने भेजा जाएगा विदेश

**पीएम मानधन योजना देश के किसानों के लिए चलाई जाने वाली ऐसी योजना है जिसके तहत किसानों को पेंशन उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना में रजिस्टर करने के लिए किसानों को अलग से कोई फर्म भरने की जरूरत नहीं पड़ती है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में रजिस्ट्रेशन करने पर पीएम किसान मानधन योजना में भी आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। देश के छोटे और सीमांत किसानों को मासिक पेंशन देने के मकसद से पीएम किसान मानधन योजना शुरू की गई है। इसके तहत 60 साल की उम्र के बाद लाभार्थियों को हर महीने 3 हजार रुपये पेंशन के तौर पर मिलने लगेंगे। इस हिसाब से किसानों को सालाना 36 हजार रुपये मिलेंगे। इस योजना के लिए 18 से 40 साल तक की उम्र का कोई भी किसान रजिस्ट्रेशन कर सकता है। पेंशन के लिए उन्हें अपनी उम्र के हिसाब से इस योजना में हर महीने पैसे जमा करना पड़ता है।**

**(अशोक त्रिपाठी-हिन्दुस्तान फीचर सेवा)**



उत्तराखण्ड में खेती के लिए जमीन कम है लेकिन बेहतर तकनीक से कम जमीन में भी अच्छी पैदावार की जा सकती है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने राज्य के किसानों के प्रतिनिधियों को विदेश भेजने का फैसला किया है। धन सिंह रावत ने प्रत्येक सीडीओ और डीएम से अपने-अपने जिले के एक-एक प्रगतिशील किसान का नाम मांगा है। इन किसानों को उन्नत खेती के लिए विदेशों का भ्रमण कराया जाएगा। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों जैसे हिमाचल, राजस्थान आदि में 10-10 किसानों का प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा। ये किसान वहां के कृषि माड्यूल को समझेंगे। सहकारिता मंत्री की योजना में यह भी शामिल है कि राज्य के सेब, डेयरी, भेड़, बकरी आदि पालने वाले 10-10 प्रगतिशील किसानों को कश्मीर, गुजरात, गोवा, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों के भ्रमण पर सरकारी खर्चे से भेजा जाए। इस प्रकार राज्य में किसानों की आदमनी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। केन्द्र सरकार से भी किसानों को मदद मिल रही है। इसमें मोदी सरकार की किसान मानधन योजना के राज्य के सभी किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत 9 नवम्बर को उत्तराखण्ड के स्थापना दिवस समारोह में कहा भी था कि राज्य के सीमित संसाधनों से ही राज्य को देश के सबसे मजबूत राज्यों की पंक्ति में खड़ा करना है। सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत इसी दिशा में प्रयास करते दिख रहे हैं।

उत्तराखण्ड में सहकारिता विभाग अब किसानों को विदेश भेजने की तैयारी में है। डिपार्टमेंट ने सभी सीडीओ, डीएम को अपने-अपने जिले से एक-एक प्रगतिशील किसान की लिस्ट देने को कहा है, जो अपने अपने फील्ड में अच्छा काम कर रहे हैं। ऐसे किसानों को उन्नत खेती के लिए विदेशों में विजिट करवाया जाएगा, साथ ही 10-10 किसानों को हिमाचल प्रदेश, लेह, लद्दाख, राजस्थान जैसे प्रदेशों में विभागीय खर्चे पर वहां के मड्यूल को समझने के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा बद्री घी को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रपोजल बनाने के भी निर्देश दिए गये हैं।

सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि सेब, डेयरी, भेड़ बकरी, मछली के 10-10 प्रगतिशील किसानों को अध्ययन के लिए कश्मीर, हिमाचल, गुजरात, गोवा, आंध्र प्रदेश , राजस्थान, लेह, लद्दाख भेजा जाएगा, ताकि किसान वहां का अध्ययन कर अपने यहां और प्रगति कर सकें। उन्होंने कहा कि 2019 से राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना 4 विभागों द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी कर रही है। इसके अच्टे नतीजे अब सामने आ रहे हैं। मंत्री ड रावत ने कहा कि परियोजना कोअपरेटिव कलेक्टिव फार्मिंग भी कर रही है जौनपुर और चंपावत में सब्जी और अदरक की पैदावार किसान अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने डेयरी विभाग को निर्देश दिया है कि बद्री गाय पर विशेष रूप से फोकस किया जाए 100 करोड़ रुपए की बद्री गाय को बढ़ाने के लिए 100 करोड़ रुपए प्रस्ताव और प्रोजेक्ट बनाए जाएं। परियोजना निदेश-ाक डेयरी ने बताया कि गत वर्ष डेयरी को 22 करा-ेड़ रुपए मिले थे। इस वर्ष 13 करोड़ में से 3 करोड़ 26 लाख खर्च हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि बद्री की महानगरों में 2500 किलो बिक रहा है। इसकी बहुत डिमांड बढ़ी है।

राज्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए चलाई जा रही केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि 2 हजार रुपये की तीन किश्तों में किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। इस योजना के लाभार्थी किसान पीएम मानधन योजना का भी लाभ उठा सकते हैं।

पीएम मानधन योजना देश के किसानों के लिए चलाई जाने वाली ऐसी योजना है जिसके तहत किसानों को पेंशन उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना में रजिस्टर करने के लिए किसानों को अलग से कोई फर्म भरने की जरूरत नहीं पड़ती है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में रजिस्ट्रेशन करने पर पीएम किसान मानधन योजना में भी आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। देश के छोटे और सीमांत किसानों को मासिक पेंशन देने के मकसद से पीएम किसान मानधन योजना शुरू की गई है। इसके तहत 60 साल की उम्र के बाद लाभार्थियों को हर महीने 3 हजार रुपये पेंशन के तौर पर मिलने लगेंगे। इस हिसाब से किसानों को सालाना 36 हजार रुपये मिलेंगे। इस योजना के लिए 18 से 40 साल तक की उम्र का कोई भी किसान रजिस्ट्रेशन कर सकता है। पेंशन के लिए उन्हें अपनी उम्र के हिसाब से इस योजना में हर महीने पैसे जमा करना पड़ता है।

पीएम किसान मानधन योजना के तहत किसानों को हर महीने 3,000 रुपये की पेंशन दी जाती है। इस योजना के लिए प्रीमियम सम्मान निधि के तहत मिलने वाले पैसों से ही काटा जाता है लेकिन ऐसा करने के लिए आपको एक फर्म भरने की जरुरत पड़ती है। पीएम किसान मानधन योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाले पैसे में से प्रीमियम भरना पड़ता है। इसके प्रीमियम की राशि 55 रुपये से लेकर 200 रुपये तक होती है। 60 साल की उम्र के बाद प्रीमियम के पैसे कटना बंद हो जाते हैं और किसानों को हर महीने 3 हजार रुपये की पेंशन मिलने लगती है।

उत्तराखण्ड में साल दर साल चावल और मक्के जैसे अनाजों के उत्पादन क्षेत्र में कमी देखने की मिल रही है तो दूसरी ओर इन्हीं वर्षों में मटर, मसूर और चने समेत अन्य दालों का उत्पादन क्षेत्र बढ़ा है। वीरान होते गांवों में जंगली जानवरों का आतंक भी इसके पीटे बड़ा कारण है। दालों के उत्पादन में कम लागत के बावजूद अच्छी कीमत मिलने की संभावना होती है जिससे काश्तकारों का इस ओर लगातार रुझान बढ़ रहा है।राज्य सांख्यिकीय विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक चावल का उत्पादन वर्ष 2018-19 में 259348 हेक्टेयर भूमि पर किया जाता था जो सिमट कर 254528 हेक्टेयर रह गया है। प्रदेश में धान यानी चावल की खेती का उत्पादन हरिद्वार, देहरादून, उामसिंह नगर, नैनीताल जिलों में और पौड़ी गढ़वाल जिले के भाबर क्षेत्र में होता है। मक्के की खेती अकेले देहरादून जिले में 33 प्रतिशत होती है, जिसका रकबा तीन-चार वर्षों में 21384 से घटकर 20185 हेक्टेयर रह गया है। दालों की बात करें तो इनके उत्पादन के लिए पानी की आवश्यकता कम पड़ती है। इसके अलावा उत्पादन में लागत भी कम लगती है। इसलिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ाामी ने किसानों को खेती का हुनर सीखने के लिए विदेश भेजने का फैसला किया है। (हिफी)

# सिख मेहनत के बूते कनाडा में हिट

**विवेक सक्सेना**



अंग्रेज मुंह से भले ही कुछ न कहते हों मगर जिस संपत्ति के वे लोग मालिक हुआ करते थे आज उनके विशाल घरों व फार्म हाउस को सिख ही खरीद रहे हैं। वहां खालिस्तान का मुद्दा जोर पकडने पर सिखों के बीच टकराव बढने लगा है। पहले 1971-81 के बीच बड़ी तादाद में जाटो के सिख बनने के बाद उनके गुरूद्वारा आने पर सिखों का उनके साथ टकराव हुआ। खालिस्तान मुद्दा जोर पकडने पर कट्टरपंथी सिखों का गुरूद्वारों पर कब्जा बढने लगा तो वहां के कई स्थान स्थानों पर उदारवादी सिखों ने उनका जमकर विरोध किया।

कनाडा में सिखों की अहमियत इतनी ज्यादा है कि वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार सिख नेतृत्व वाली राष्ट्रीय न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के सहयोग से चल रही है। कुछ साल पहले जगमीत सिंह को इसका अध्यक्ष चुना गया था। पेशे से वकील जगमीत सिंह पर आतंकवादियों के मुकदमे लडने के आरोप लगते रहे हैं। वहां की संसद में 14 फीसदी हिस्सा होने के बावजूद वहां की राजनीति में सिखों की एनडीपी पार्टी का अहम स्थान है। इसके गुरूद्वारों में चढ़ाए गए पैसों की बहुत अहमियत रहती है। गुरूद्वारे वाले वहां के सामाजिक कार्यक्रम जैसे खाना आदि बांटने में बहुत अहम भूमिका अदा करते हैं

जगमीत सिंह को बचपन में ही उसके मां-बाप ने बता दिया था कि इस देश में उनकी भाषा की इज्जत नहीं की जाती। वे लोग क्यूबेक में रहते थे जहां फ्रेंच बोली जाती थी। जगमीत सिंह को पंजाबी व अंग्रेजी बोलना ही आती थी। बचपन में उनका स्कूल में बहुत मखौल उड़ाते थे। उसने 13 साल की आयु में फ्रेंच सीखना शुरु की। उसका बचपन बहुत संघर्ष में बीता। बड़ा होने पर वह अपने परिवार की मदद के लिए छोटे-मोटे काम करने लगा। उसने कालिज में फीस बढ़ाए जाने का विरोध किया।

पहले लोग कहते थे कि न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। वह पुलिस की मनमानी का विरोध करने के कारण युवा वर्ग में बहुत लोकप्रिय होता गया। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी का अध्यक्ष बनने के लिए उसने मई 2017 में ही अपना अभियान शुरु कर दिया। अक्तूबर में वह पहली बार किसी राष्ट्रीय दल का अध्यक्ष चुना जाने वाला पहला अल्पसंख्यक बना। वहां जो उम्मीदवार अपनी पार्टी के लिए सबसे ज्यादा चंदा इका। करता है वहीं अध्यक्ष चुना जाता है। अगले साल उनका गुरुकिरण से विवाह हो गया। उसने जस्टिस ट्रूडो की सरकार चलाने में मदद देनी शुरु कर दी।इस पार्टी का गठन 1961 में हुआ था मगर यह पार्टी लोकसभा में कभी भी इतनी सीटें नहीं जीत पायी कि केंद्र में अपनी सरकार बना सके। वह 2011 से 2015 तक लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल व दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई। हालांकि उनका वहां कि अल्पमत सरकार पर काफी असर रहा। उसने वहां के 6 राज्यों में अपनी सरकारें बनाई। सन 2021 के लोकसभा चुनाव में वह 25 सीटें जीतकर वहां की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गई व प्रगतिशील गठबंधन के सदस्य है। वे कनाडियन लेबर कांग्रेस का भी हिस्सा है।कोविड-19 महामारी के दौरान एनडीपी ने सरकार पर दबाव डालकर यहां के लोगों की वित्तीय मदद करवाई व सहायता के तमाम अहम कदम उठाए। वहां की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के लिए सरकार पर दबाव डालती आयी है। वहां की राजनीति में सिखों का नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी व लिबरल पार्टी पर काफी दबाव है। वहां के सिख काफी पैसे वाले हैं। उनका वेंकूवर, टोरंटो व कैलगरी के गुरूद्वारों पर काफी असर है। मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को यहां तक पहुंचाने में उनका ही हाथ रहा है। पहले वहां के लोग पंजाब के हिंदू व सिखों को एक जैसा ही समझते थे मगर बाद में सिखों ने इस पर आपत्ति जताते हुए खुद को हिंदूओं से अलग बनवा दिया।सिख काफी मेहनती होते हैं। उन्होंने शुरु में खेतों में काम करने के साथ रेल लाइन बिछाने वाले मजदूरों के रुप में काम किया पर बहुत जल्दी ही उन्हें चीनी व जापानी मजदूरों की तुलना में कहीं ज्यादा पसंद किया जाने लगा। वे मेहनती होने के साथ साथ स्वामीभक्त भी होते थे। फौज में काम करने के कारण वे अंग्रेजों के काफी करीब आ चुके थे। कनाडा में कारों का ज्यादातर कारोबार सिखों के हाथों में ही है। उनके गुरूद्वारों द्वारा जरुरत पडने पर लोगों के खाने की सहायता करने व हर साल बड़ी तादाद में रक्तदान शिविर लगाने के कारण वहां की सरकार पर इनका काफी असर है। कनाडा में उन्होंने समाज के हर क्षेत्र में नाम कमाया है। हरजोत ओबेराय, संदीप सिंह बराड़, शीना अलंगर वहां के जाने माने शिक्षाविद है। ड रंजन जाने माने रोग विशेषज्ञ हैं। बलजीत सिंह चड्ढा हरबंस सिंह दोमान, जसपाल अटवाल व भाटिया वहां के जाने माने उद्योगपति हैं व व्यापारी हैं। विकास खन्ना जाने माने शैफ रेस्तरा मालिक व मंजीत सिंह टीवी कलाकार व रूपूनी सिंह वहां मोम का म्यूजियम बना रही उद्योगपति हैं। एलेक्स साधा फिल्म निर्माता व हरमीत सिंह सामाजिक कार्यकर्ता है। व्यस्क फिल्म की अभिनेत्री सनी लियोनी कनाडा से ही हैं। वे भी सिख है।

यूटयूब की जानी मानी हस्तियों, जस रेन, कंवर सिंह व पंजाब फिल्मों की अभिनेत्री नीरू बाजवा व तरूणपाल भी यहीं से है। उपन्यास लेखक गुरूजिंदर, रानी धारीवाल व कामेडियन लिलीसिंह भी जाने माने कलाकार है। फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में वेंकूवर में अपना घर खरीदा है। इसके अलावा कनाडा की संसद व विधानसभा में भी सिख सदस्य है। हरजीत सिंह सज्जन तो वहां के रक्षा मंत्री तक रह चुके हैं। खेलों के क्षेत्रों में वहां के खिलाडियों का अहम स्थान है। इनमें नवराज सिंह बस्सी से लेकर खैरासिंह भुल्लर आदि शामिल है। अंग्रेज मुंह से भले ही कुछ न कहते हों मगर जिस संपत्ति के वे लोग मालिक हुआ करते थे आज उनके विशाल घरों व फार्म हाउस को सिख ही खरीद रहे हैं।

वहां खालिस्तान का मुद्दा जोर पकडने पर सिखों के बीच टकराव बढने लगा है। पहले 1971-81 के बीच बड़ी तादाद में जाटो के सिख बनने के बाद उनके गुरूद्वारा आने पर सिखों का उनके साथ टकराव हुआ। खालिस्तान मुद्दा जोर पकडने पर कट्टरपंथी सिखों का गुरूद्वारों पर कब्जा बढने लगा तो वहां के कई स्थान स्थानों पर उदारवादी सिखों ने उनका जमकर विरोध किया। जब एक दलित गुरूद्वारा बनाया गया तो संत रविदास के नाम पर बनाए गए इस गुरूद्वारे के प्रबधकों में कुछ जाट सिखों के शामिल होने का प्रबंध समिति ने विरोध किया। वे लोग इसे मानवाधिकार आयोग में भी ले गए मगर उन्होंने इसे अल्पसंख्यकों का मामला होने की दलील देते हुए उन लोगों की अपील ठुकरा दी।

# चंद्रचूड़ के शपथ में पीएम की गैरहाजिरी

देश के 50वें चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल नहीं हुए। हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया गया। राष्ट्रपति की ओर से चीफ जस्टिस के शपथ समारोह में शामिल होने का न्योता उनको गया था लेकिन शामिल नहीं हुए। बुधवार, नौ नवंबर की सुबह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस चंद्रचूड़ को चीफ जस्टिस पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मौजूद थे। हालांकि उस समय प्रधानमंत्री की गैरहाजिरी ज्यादा नोटिस नहीं की गई और इस पर सवाल भी नहीं उठा लेकिन बाद में भाजपा के दिग्गज नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी के ट्विट से इस पर चर्चा शुरू हुई। स्वामी ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री क्यों चीफ जस्टिस के शपथ समारोह में नहीं शामिल हुए? आमतौर पर चीफ जस्टिस के शपथ समारोह में प्रधानमंत्री शामिल होते हैं। लेकिन इससे पहले भी एकाध मौकों पर किसी जरूरी काम में व्यस्त होने की वजह से या किसी दूसरे कारण से प्रधानमंत्री इस समारोह से गैरहाजिर रहे हैं। ध्यान रहे बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। लेकिन शपथ समारोह चूंकि सुबह में होता है इसलिए वे इसमें शामिल होने के बाद भी चुनावी कार्यक्रम के लिए जा सकते हैं। इसलिए इसे जान बूझकर किया गया फैसला माना जा रहा है। स्वामी के ट्विटर पर चल रही बहस में किसी ने यह भी कहा कि जस्टिस चंद्रचूड़ हार्वर्ड से पढ़े हैं और प्रधानमंत्री को हार्वर्ड वालों की बजाय हार्डवर्क करने वाले ज्यादा पसंद हैं।

# बार-बार की नाकामी

भारत सरकार ने तीन महीने पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन इसके इस्तेमाल में बीते तीन महीनों में कोई फर्क नहीं पड़ा है।

ऐसा लगता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश फिर नाकाम रही है। दरअसल, इस बात को जानने के लिए हमें किसी अध्ययन की जरूरत भी नहीं है। बाजारों में जाकर कोई भी खुद देख सकता है कि एसयूपी के इस्तेमाल में बीते तीन महीनों में कोई फर्क नहीं पड़ा है। भारत सरकार ने तीन महीने पहले एसयूपी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, ताकि प्लास्टिक कचरे और बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लग सके।ये प्रतिबंध एसयूपी से बनी 21 चीजों पर लगाए गए थे जिनमें प्लेट्स, बर्तन, स्ट्र, पैकेजिंग फिल्म और सिगरेट के पैकेट शामिल हैं। प्रतिबंध केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए, लेकिन इन्हें लागू कराने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स पर डाली गई है। स्पष्ट है कि राज्य समुचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पाबंदी को पूरी तरह से लागू कराने के लिए संभवतरू राज्यों के पास कोई प्रभावी रणनीति ही नहीं है। भारत में हर साल करीब एक करोड़ 40 लाख टन प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। पिछले साल एक सरकारी समिति ने एसयूपी से बनी चीजों को उनकी उपयोगिता और उनके पर्यावरणीय प्रभाव के सूचकांक के आधार पर चिह्नित किया, जिन्हें प्रतिबंधित किया जाना था।

इस तरह के प्लास्टिक भारत में निकलने वाले कुल प्लास्टिक कचरे का महज 2-3 फीसद ही है। विशेषज्ञों ने तभी चेतावनी दी थी कि यह प्रतिबंध लागू करना कोई आसान काम नहीं है। दरअसल, इन प्रतिबंधित वस्तुओं की मांग को पूरा करने के लिए सस्ते विकल्पों की जरूरत है, जिन्हें उपलब्ध कराने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में निवेश भी नहीं हुआ है। भारत में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत 11 किलो ग्राम प्रति वर्ष है और यह दुनिया में अभी भी सबसे सबसे कम है। दुनिया भर में प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत 28 किलो है। खुदरा कारोबारी एसयूपी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। ऐसा वो इसलिए करते हैं कि ग्राहक इसकी मांग करते हैं। अगर कारोबारी अपने पास एसयूपी के बैग ना करें, तो उसका असर उनकी बिक्री पर पड़ता है। इसलिए पिछले मौकों की तरह इस बार भी ये रोक नाकाम साबित हो रही है।

## फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का किया स्वागत

**रामल्ला ,एजेंसी ।** फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पेश किए प्रस्तावों में चार प्रस्तावों को अपनाने का फैसला किया है। इसमें एक फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजरायली बस्तियों को अवैध करार देना भी शामिल है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने एक प्रेस बयान में कहा कि फिलिस्तीन ने प्रस्ताव के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र के वोट और इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय समर्थन का स्वागत किया है ।अल-मलिकी ने कहा, ये फैसले हमारे फिलिस्तीनी लोगों के वैध अधिकारों की पुष्टि करते हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण आत्मनिर्णय का अधिकार और फिलिस्तीनी (शरणार्थियों) का अपने घरों में लौटने का अधिकार है।

## इराकी बलों ने 5 आईएस आतंकवादियों को मार गिराया

**बगदाद ,एजेंसी।** इराकी सुरक्षा बलों ने सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के पांच आतंकवादियों को मार गिराया और तीन अन्य को पकड़ लिया। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इराकी युद्धक विमानों ने प्रांत में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमला किया, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए। एक प्रांतीय सुरक्षा सूत्र ने बताया कि हवाई हमले ने प्रांत के पूर्वी हिस्से में तुज खुमार्तो इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाया। इस बीच, इराकी संयुक्त अभियान कमान के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि आंतरिक मंत्रालय के एक खुफिया बल ने इराक की राजधानी बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में तरमियाह इलाके में आईएस के तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ लिया। बयान के अनुसार, आतंकवादियों ने कबूल किया कि उन्होंने 2021 और 2022 के बीच तरमियाह में तीन नागरिकों को मार डाला और उन्होंने इराकी बलों के खिलाफ बम हमले किए।

पिछले महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी उग्रवादियों की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाए हैं।

## भाजपा ने पदमपुर से प्रदीप पुरोहित को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भाजपा ने ओडिशा के पदमपुर विधान सभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रदीप पुरोहित को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा किसान मोर्चे से जुड़े पुरोहित 2014 के विधान सभा चुनाव में पदमपुर से ही विधायक चुने गए थे लेकिन 2019 के चुनाव में उन्हें इस सीट से हार का सामना करना पड़ा था। अब पांच दिसंबर को पदमपुर विधान सभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए भाजपा आलाकमान ने एक बार फिर से प्रदीप पुरोहित पर ही भरोसा जताया है।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने ओडिशा विधान सभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि, भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने होने वाले आगामी ओडिशा विधान सभा उपचुनाव-2022 के लिए पदमपुर से प्रदीप पुरोहित के नाम पर अपनी स्वीति प्रदान की है।

## दादरी में स्कूल बस का एक्सीडेंट, 2 बच्चे व ड्राइवर घायल

**ग्रेटर नोएडा ,(एजेंसी)।** दादरी में एक निजी स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस घटना में 2 बच्चे और ड्राइवर घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल बच्चों और ड्राइवर का जीटी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक्सीडेंट हुई बस आरबी नर्थलैंड स्कूल की है।

# दक्षिण में बढ़ते विरोध के दबाव में गरीबों के आरक्षण कोटे पर रूख बदलने को तैयार कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) को 10 फीसद आरक्षण देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करने के बाद कांग्रेस अब इसकी समीक्षा करते हुए अपने रुख पर पुनर्विचार कर रही है। दक्षिण भारतीय राज्यों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बढ़ते राजनीतिक विरोध के बाद कांग्रेस में यह बदलाव आया है। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश का यह बयान इसका संकेत है जिसमें उन्होंने कहा है कि बेशक पार्टी सभी वर्गों के गरीबों को 10 फीसद आरक्षण के पक्ष में है, मगर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों ने अपने फैसले में अलग-अलग अनेक मुद्दे उठाए हैं जिनका पार्टी विस्तार से अध्ययन कर रही है।

वहीं संकेत यह भी है कि राजनीतिक समीक्षा के बाद गरीबों के आरक्षण कोटे पर अपने रुख में तब्दीली के लिए कांग्रेस कानूनी विकल्प के तौर पर पुनर्विचार याचिका का सहारा लेने पर भी गौर कर रही है। हालांकि पार्टी ने संसद में इस विधेयक का समर्थन किया था। पार्टी के जानकार सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दक्षिणी राज्यों में बढ़े विवाद के मद्देनजर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा शुरू कर दी है। पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं और वकील पी चिदंबरम और अभिषेक मनु सिंघवी से सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जुड़े कानूनी जटिलताओं पर खरगे ने शुक्रवार को लंबी चर्चा की। इन दोनों नेताओं को पार्टी के कानूनी विकल्प की राह सुझाने का जिम्मा सौंपा गया है।

गरीबों के आरक्षण से जुड़े निर्णय के राजनीतिक और कानूनी पहलुओं का आकलन करने के बाद कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पुनर्विचार याचिका दायर करने के विकल्प पर अंतिम फैसला लेगी। पुनर्विचार याचिका के विकल्प से इन्कार नहीं करने का साफ संकेत देते हुए पार्टी के जानकार सूत्रों ने साफ कहा कि कांग्रेस के लिए दक्षिण के राज्य भी सियासी रूप से अहम हैं और हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले की राजनीतिक समीक्षा कर रहे हैं और इसके कानूनी परिणाम सामने आ सकते हैं।

तमिलनाडु से लेकर केरल तक ईडब्लूएस के 10 प्रतिशत आरक्षण कोटे में एससी-एसटी और ओबीसी को शामिल नहीं किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ शुरू हुए राजनीतिक विरोध में कांग्रेस के गठबंधन के साथी द्रमुक नेता तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन जहां सबसे मुखर हैं। वहीं सूबे से पार्टी सांसद कार्ति चिदंबरम और ज्योति मणि आदि ने भी इसके खिलाफ सवाल उठाए हैं।

वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने तो अपनी प्रतिक्रिया में इसके खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने की उम्मीद जताई थी।

इतना ही नहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ दलित नेता उदित राज ने भी ईडब्लूएस आरक्षण को लेकर सवाल खड़े किए थे। हालांकि दिलचस्प यह है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के तुरंत बाद कांग्रेस ने गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को संवैधानिक रुप से वैध ठहराए जाने का स्वागत करते हुए समर्थन किया था। मालूम हो कि 2019 में आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लिए 10 फीसद आरक्षण से संबंधित 103वें संविधान संशोधन विधेयक का कांग्रेस ने समर्थन करते हुए संसद के दोनों सदनों में इसके पक्ष में वोट भी दिया था।

दिलचस्प यह भी है कि 2009 और फिर 2014 के अपने चुनाव घोषणा पत्र में ईडब्लूएस आरक्षण का संकल्प जाहिर करते हुए पार्टी ने कहा था भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के मौजूदा आरक्षण को किसी भी तरह से प्रभावित किए बिना सभी समुदायों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण शुरू करने के लिए आगे का रास्ता खोजने को प्रतिबद्ध है। इस रुख के बावजूद सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अध्ययन करने की जरूरत पर जयराम रमेश ने कहा कि दो जजों ने अपने फैसले में एसी-एसअी और ओबीसी को ईडब्ल्यूएस श्रेणी से बाहर करने को असंवैधानिक माना है।

साथ ही यह भी याद रखा जाना चाहिए कि पिछले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आखिर दिनों में जल्दबाजी में भाजपा सरकार यह संविधान संशोधन लेकर आई, तब कांग्रेस ने संयुक्त संसदीय समिति में भेजकर इसकी कानूनी खामियों को दुरूस्त करने की दोनों सदनों में मांग उठाई थी। तब सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया और इसी वजह से मौजूदा जटिलताएं सामने आयी हैं। जयराम ने आरक्षण की जटिलताओं को दूर करने के लिए सरकार से तत्काल जाति जनगणना कराए जाने की मांग की और कहा कि इस मामले में सरकार की लगातार चुप्पी ठीक नहीं है क्योंकि आरक्षण पर दावों की तस्वीर जाति जनगणना से ही साफ होगी।

## ईरानी विदेश मंत्री व संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर की बातचीत

**तेहरान ,एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए फोन पर बातचीत की। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) और आईएईए के बीच तकनीकी वार्ता के संबंध में टिप्पणी करते हुए, आमिर-अब्दुल्लाहियन ने दोनों पक्षों के बीच सहयोग को उचित बताया।

ईरानी विदेश मंत्री ने 2015 के परमाणु समझौते के पुनरुद्धार के बारे में ईरान और अमेरिका के बीच संदेशों के हालिया अप्रत्यक्ष आदान-प्रदान की भी शुरुआत की, जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है।अमीर-अब्दोलाहियन ने यमन में संघर्ष विराम के रखरखाव के प्रयासों को जारी रखने पर जोर दिया।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, ईरान युद्धविराम के विस्तार और संयुक्त राष्ट्र के साथ सहयोग में मदद करने के लिए एक भूमिका निभाना जारी रखेगा। युद्धविराम की निरंतरता और यमन की घेराबंदी को पूरी तरह से हटाने से संबंधित कोई भी निर्णय यमन के नेताओं और लोगों के साथ मिलकर लिया जाएगा।

आमिर-अबोल्लाहियन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की आगामी बैठक में ईरान विरोधी मुद्दों को उठाने के कुछ पश्चिमी सरकारों के प्रयासों की आलोचना की। साथ ही ईरान और पश्चिम के बीच संबंधों पर मानवाधिकार परिषद में एक राजनीतिक कदम के नकारात्मक नतीजों के खिलाफ चेतावनी भी दी।वहीं, गुटेरेस ने ईरान और अन्य खाड़ी तटवर्ती देशों के साथ हुई हालिया बैठक का जिक्र किया। जिसमें क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक नए प्रारूप के गठन की आशा व्यक्त की गई, जो इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देगा।

उन्होंने कूटनीति पर जोर देने के लिए ईरान की सराहना की और कहा कि जेसीपीओए का पुनरुद्धार सभी पक्षों के हितों की गारंटी देगा।

## पूर्वोत्तर में सिकुड़ रहे वन, जलवायु परिवर्तन पर पड़ रहा असर

**गुवाहाटी/अगरतला ,(एजेंसी)।** जलवायु परिवर्तन का दुनिया भर में दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठों राज्य निकट भविष्य में 65 प्रतिशत वन क्षेत्र के बावजूद खामियाजा भुगतेंगे। इंडिया स्टेट अफ फरेस्ट रिपोर्ट 2021 (आईएसएफआर 2021) के अनुसार देश के 140 पहाड़ी जिलों में वन क्षेत्र में 902 वर्ग किमी (032 प्रतिशत) की कमी देखी गई है, पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी आठ राज्यों में भी गिरावट देखी गई है।विशेषज्ञों का अनुमान है कि वन क्षेत्र में कमी के अलावा शहरीकरण, क्षेत्रों में बढ़ता प्रदूषण, जल निकायों को कम करना और दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ विभिन्न अन्य कारक वन्य क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं।उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की जलवायु बदल रही है, पिछली शताब्दी में इस क्षेत्र में बारिश के पैटर्न में काफी बदलाव आया है, जिसके कारण यह इलाका सूख रहा है।विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 2001 और 2021 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र में वन आवरण को सबसे अधिक नुकसान हुआ।2018 में जलवायु संवेदनशीलता आकलन के अनुसार आठ पूर्वोत्तर राज्यों में से असम और मिजोरम को जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे अधिक संवेदनशील राज्यों के रूप में पहचाना गया है।त्रिपुरा स्थित जलीय अनुसंधान और पर्यावरण केंद्र के सचिव और पर्यावरण विशेषज्ञ अपूर्व कुमार डे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव व्यापक और अलग है।

## पीएफआई पर नकेल, केंद्र ने बिहार सरकार को भेजी संदिग्धों की सूची

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त प्रतिबंधित संस्था पीएफआई की कमर तोडने के लिए केंद्र सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में केंद्र ने पीएफआई के टेरर फंडिंग का नेटवर्क तोडने की पहल की है। केंद्र ने सात ऐसे लोगों और उनके बैंक खातों को चिन्हित किया है जिनमें टेरर फंडिंग हुई है। इन सभी सात लोगों की लिस्ट केंद्र ने बिहार सरकार को भेजते हुए इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह सभी बैंक खाते पीएफआई व उसके अनुषांगिक संगठनों से जुड़े लोगों के हैं।

केंद्र ने जो लिस्ट भेजी है, उसमें महबूब आलम जिलाध्यक्ष का नाम है। महबबू का एकाउंट बैंक अफ इंडिया में हैं और खाता नंबर 9416 00551011000 7970 है

# बोरिस जानसन बोले, ब्रिटेन और भारत को अब पहले से कहीं ज्यादा एक-दूसरे की जरूरत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने कहा है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के संबंध और आगे बढ़ेंगे। दोनों देशों को आज एक-दूसरे की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। उन्होंने दोनों देशों को मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को कहा। इसके लिये वह अगली दिवाली का इंतजार नहीं कर सकते। वह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम खतरनाक और बहुत ही कठिन समय में रह रहे हैं।

जानसन ने कहा कि उनकी ओर से शुरू किया गया कोई भी अभियान इतना सफल नहीं रहा, जितना इस वर्ष अप्रैल में उनका गुजरात दौरा। उन्होंने कहा कि चारों ओर मेरी तस्वीरें थीं। सड़कों के किनारे खड़े होकर हजारों की संख्या में लोग अभिवादन कर रहे थे। ब्रिटेन के पूर्व पीएम ने कहा, श्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मैंने इस दौरान भारत-ब्रिटेन साझेदारी के भविष्य को लेकर चर्चा की थी। बातचीत शानदार रही और इसके परिणाम भी सामने आए। दूसरे देशों से ब्रिटेन आने वाले छात्रों में भारत का पहला स्थान है।जानसन ने कहा, श्मुक्त व्यापार समझौते के बिना भी दोनों देशों के द्विपक्षीय कारोबार में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसलिए हमें मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना है। मोदी और मैंने कहा था कि यह दिवाली तक हो जायेगा। मैं मुक्त व्यापार समझौते के लिए अगली दिवाली का इंतजार नहीं कर सकता।

जानसन ने कहा, श्जिस सरकार का मैंने गर्व के साथ नेतृत्व किया था, उसमें दुनिया के किसी अन्य देश से अधिक भारतीय मूल के मंत्री थे। इसकी बड़ी उपलब्धि यह रही है कि मेरा स्थान लेने वाले भारतीय मूल के ही हैं। पिछले महीने सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने। उन्होंने लिज ट्रस का स्थान लिया।

उन्होंने बिना उकसावे के यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना की।उन्होंने कहा कि यूक्रेन के लोगों के अपने देश से प्यार और साहस के आगे पुतिन पराजित होंगे।

## ओएमजी! हादसे की घटना सुनी तो पहुंचा एंबुलेंस ड्राइवर, वहां पर मिली अपने ही बेटे की लाश

**इंडोनेशिया ,एजेंसी।** इंडोनेशिया में एक दुखद मामला सामने आया है। दरअसल, यहां एक एंबुलेंस ड्राइवर को रोड एक्सीडेंट की एक घटना के बारे में पता चला। इसके बाद वह अपनी गाड़ी लेकर घटनास्थल पर पहुंचता है। इसके बाद वहां जो देखता है, उसके पैर के नीचे से जमीन ही खिसक जाती है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के एक शहर में रोड एक्सीडेंट की एक घटना सामने आती है। यह घटना बहुत ही भयानक होती है, जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौत हो जाती है। लोगों ने यह घटना देखी तो सबसे पहले एंबुलेंस को फोन किया। इसके बाद एक एंबुलेंस ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर तुरंत ही मौके पर पहुंचता है। एंबुलेंस ड्राइवर इंडोनेशिया के एक मेडिकल संस्था में काम करता है। ड्राइवर को 6 नवंबर की शाम 4 बजे एक सड़क हादसे की सूचना मिली। इमरजेंसी कल होने के चलते वह तुरंत ही घटनास्थल पर पहुंच जाता है।

जैसे ही एंबुलेंस ड्राइवर घटनास्थल पर पहुंचता है, वहां उसे उसके बेटे की बाइक दिखाई देती है। इससे उसका दिल काफी धक-धक करने लगता है। इसके बाद एंबुलेंस ड्राइवर देखता है कि एक लाश के चारों तरफ लोग भीड़ लगाकर खड़े होते हैं। एंबुलेंस ड्राइवर उस भीड़ को चीरता हुआ तेजी से लाश के पास पहुंचता है। जैसे ही वह लाश को देखता है उसकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगता है। वह फूट-फूटकर रोने लगता है। दरअसल, जिस युवक का एक्सीडेंट होता है और उसकी मौत हो जाती है। वह एंबुलेंस ड्राइवर का ही बेटा होता है।

## भारत में जन्में वेंकी रामकृष्णन ब्रिटिश ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित

**लंदन ,एजेंसी।** भारत में जन्मे ब्रिटिश और अमेरिकी संरचनात्मक जीवविज्ञानी और नोबेल पुरस्कार विजेता वेंकी रामष्णन को ब्रिटिश अर्डर अफ मेरिट से सम्मनित किया गया है। तमिलनाडु में चिदंबरम के मंदिरों के शहर से आने वाले 70 वर्षीय वेंकटरामन वेंकी रामष्णन ने 30 से अधिक वर्षों तक जीवविज्ञानी के रूप में काम किया है, उनका अधिकांश शोध आणविक जीव विज्ञान में केंद्रीय समस्याओं पर केंद्रित है।उन्हें राइबोसोम की उच्च-रिजल्यूशन परमाणु संरचना के लिए थमस स्टिट्ज और एडा योनाथ के साथ 2009 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# यूक्रेन का खेरसन शहर रूस के कब्जे से मुक्त

**कीव ,एजेंसी।** रूस के पीटे हटने के फैसले के बाद यूक्रेन द्वारा खेरसान पर फिर से कब्जा करने से वहां जश्न का माहौल है। 24 फरवरी के आक्रमण के बाद रूस द्वारा के कब्जे में आने वाला खेरसान पहला शहर था। कीव के रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया कि रूसी सैनिकों के पीटे हटने को रूस के लिए एक बहुत बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।

कीव के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा खेरसान यूक्रेन के नियंत्रण में लौट रहा है, इसने रूसी सैनिकों से आत्मसमर्पण का आग्रह किया।रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने मस्को में पत्रकारों से कहा कि कोई भी हथियार या सैन्य उपकरण नहीं छोड़ा गया था।उन्होंने कहा कि हटने की प्रक्रिया के दौरान कर्मियों, हथियारों, सैन्य उपकरणों आदि का कोई नुकसान नहीं हुआ।कोनाशेनकोव ने संवाददाताओं से कहा कि 30 हजार से अधिक रूसी सैनिकों और लगभग 5 हजार उपकरणों को वापस ले लिया गया है।यूक्रेन में देश के कमांडर ने खेरसन से रूस की वापसी की घोषणा की।हालांकि किसी भी रूसी पीटे हटने का कोई सबूत नहीं था।रूसी सैनिकों की वापसी के बाद खेरसन की सड़कों पर स्थानीय लोगों के वीडियो सोशल मीडिया पर आने लगे, यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और यूक्रेन के सैनिकों के आते ही नारे लगने लगे।राष्ट्र के नाम अपने रात के संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है। हम खेरसन को पुनरू प्राप्त कर रहे हैं। हमारे सैनिक शहर की ओर बढ़ रहे हैं।

## इलेक्शन से पहले गुजरात में एटीएस और जीएसटी विभाग का बड़ा एक्शन, एक साथ 150 स्थानों पर छापेमारी

**अहमदाबाद ,(एजेंसी)।** देश विरोधी गतिविधि को रोकने के लिए गुजरात एटीएस बीती रात से बड़ा अपरेशन चला रही है। गुजरात के 13 जिलों में एटीएस जीएसटी टीम के साथ मिलकर 150 जगहों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि इस जइंट अपरेशन में टैक्स चोरी और अंतरराष्ट्रीय मार्गों से पैसे के लेन-देन की जांच की जा रही है।

बता दें कि, सुरक्षा एजेंसियों ने विधानसभा चुनावों के दौरान रिकर्ड राशि की बरामद्गी करते हुए गुजरात में 71 करोड़ 88 लाख रुपये की बरामद्गी की है। सुरक्षा एजेंसियों ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया था और इसके तहत चुनाव की घोषणा के कुछ ही दिनों के भीतर गुजरात में 7188 करोड़ रुपये की बरामद्गी हुई जो 2017 के विधानसभा चुनावों के लिए लागू आचार संहिता की पूरी अवधि के दौरान हुई 2721 करोड़ रुपये की बरामद्गी से कहीं ज्यादा है।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंद्रा पोर्ट पर श्गलत घोषणा और आयात कार्गो में छिपाकर तस्करी किए जा रहे 64 करोड़ रुपये के खिलौने और सामान की बड़े पैमाने पर जब्ती की भी सूचना दी है। ईसी के मुताबिक, मामले में मुख्य साजिशकर्ता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है ।

# 2023 में एयरोसोल प्रदूषण के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार उठाएगी कड़े कदम

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के 2023 में एयरोसोल प्रदूषण के लिए श्अरेंज जोन से निकलकर श्रेड जोन में प्रवेश करने की संभावना है, इससे गंभीर चिंता पैदा हो गई है। कोलकाता के बोस इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर अभिजीत चटर्जी और उनके स्कलर मोनामी दत्ता द्वारा एक स्टडी श्ए डीप इनसाइट इनटू स्टेट-लेवल एयरोसोल पल्यूशन इन इंडिया में यह चेतावनी दी गई है। इसे एएसएआर द्वारा एक प्रोजेक्ट के तहत जारी किया गया।

स्टडी में कहा गया है कि हाई एयरोसोल मात्रा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम25-पीएम10) हैं, जिसमें समुद्री नमक, धूल, सल्फेट, ब्लैक और कार्बनिक कार्बन शामिल हैं।

चटर्जी ने कहा, सांस के जरिए जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाएगा। यह मोरबिडिटी रेट में वृद्धि और जीवन प्रत्याशा में कमी को बढ़ाएगा। एयरोसोल अप्टिकल डेप्थ (एओडी) वातावरण में मौजूद एयरोसोल का मात्रात्मक अनुमान है और इसका उपयोग प्रक्सी माप के रूप में किया जा सकता है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, 23 कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) द्वारा 72 इकाइयों के साथ 23जीडब्ल्यू बिजली का उत्पादन करने वाले खतरनाक पदार्थों को हवा में छोड़ दिया जाता है। इनमें से केवल 14 इकाइयों (4.5जीडब्ल्यू) ने या तो प्रदूषण नियंत्रण तकनीक फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन स्थापित किया है या अगस्त 2022 तक सल्फर डाइअक्साइड सीमा के अनुरूप होने का दावा किया है।

महाराष्ट्र में अधिकांश टीपीपी नागपुर, अमरावती, चंद्रपुर, अकोला, जलगांव, बीड और नासिक में स्थित हैं।

दत्ता ने कहा, वर्तमान में महाराष्ट्र श्अरेंज जोन में आता है, जो 04-05 के बीच एओडी के साथ एक संवेदनशील क्षेत्र है।

दत्ता ने कहा, बढ़ता एयरोस-ोल प्रदूषण एओडी को 05 से ऊपर धकेल कर श्सबसे कमजोर या श्रेड जोन में प्रवेश कर सकता है।

एओडी रेंज के मान को 0 से 10 तक समझाते हुए उन्होंने कहा कि 0 अधिकतम श्यता के साथ एक क्रिस्टल स्पष्ट आकाश को इंगित करता है और 1 एओडी रेंज बहुत ही धुंधले आकाश की स्थिति दिखाता है।

दत्ता ने कहा, 03 (ग्रीन जोन) से नीचे का एओडी मान सुरक्षित है, 03-04 (ब्लू जोन) कम असुरक्षित है, 04-05 (अरेंज जोन) असुरक्षित है, जबकि 05 से अधिक (रेड जोन) अत्यधिक असुरक्षित है।

चटर्जी-दत्त के अध्ययन के अनुसार महाराष्ट्र में टीपीपी ने अतीत में वायु प्रदूषण को सबसे अधिक प्रभावित किया है और बिजली की अधिक मांग के कारण टीपीपी क्षमता बढ़ रही है।

टीपीपी ने कहा, अगर महाराष्ट्र अतीत में टीपीपी क्षमता स्थापित करना जारी रखता है, तो यह राज्य के लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं की एक श्रृंखला के साथ श्रेड जोन में प्रवेश करेगा। राज्य 2019-2023 के बीच लगभग 7 प्रतिशत की एओडी वृद्धि देख सकता है।दोनों के अध्ययन ने तीन चरणों द्द 2005-2009, 2010-2014 और 2015, 2019 में कोयला आधारित टीपीपी के अलावा ठोस ईंधन जलने और वाहनों के उत्सर्जन के साथ एयरोसोल प्रदूषण के मुख्य स्रोतों की पहचान की।

2005-2019 की अवधि में उत्सर्जन में टीपीपी का योगदान 31 प्रतिशत से बढ़कर 39 प्रतिशत हो गया, जिसका मुख्य कारण क्षमता में वृद्धि और टीपीपी पर निर्भर होना है।

एयरोसोल प्रदूषण में ठोस ईंधन जलने का योगदान 24 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया, और उसी (2005-2019) अवधि के दौरान वाहनों का उत्सर्जन 14-15 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

# पाकिस्तान के जीतने पर 2048 में प्रधानमंत्री बन सकते हैं बाबर आजम : सुनील गावस्कर



नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का कहना है कि अगर पाकिस्तान की टीम रविवार को इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाले टी–20 विश्व कप का फाइनल मैच जीत लेती है को पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 2048 में अपने देश के प्रधानमंत्री बन सकते हैं। मालूम हो कि पाकिस्तान ने इमरान खान की कप्तानी में 1992 में वनडे विश्व कप की ट्राफी अपने नाम की थी।पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने के बाद इंटरनेट मीडिया पर कई तरह के चुटकुले शेयर किए गए थे और अब पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने भी इसे लेकर टिप्पणी की है। सुनील गावस्कर ने कहा, 'आपको पता है, अगर पाकिस्तान विश्व कप जीत जाता है तो बाबर 2048 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन सकते हैं।' गावस्कर ने ये बात स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम प्लान में कही। दिलचस्प बात यह है कि 1992 में भी पाकिस्तान का सामना फाइनल में इंग्लैंड से हुआ था। दरअसल सुनील गावस्कर ने ये बात इस संदर्भ में कही क्योंकि साल 1992 वनडे वर्ल्ड कप में इमरान खान की कप्तानी में पाकिस्तान ने पहली बार वनडे वर्ल्ड कप खिताब जीता था और फिर बाद में इमरान खान राजनीति में प्रवेश कर गए और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। अब एक बार फिर से साल 2022 में वही स्थिति सामने आई है जब टी20 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में इंग्लैंड का सामना पाकिस्तान के साथ होने जा रहा है।

पाकिस्तान और इंग्लैंड के ये मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को खेला जाएगा। अगर बाबर आजम अपनी टीम को जीत दिला पाने में सफल हो जाते हैं तो पाकिस्तान की टीम दूसरी बार टी20 वर्ल्ड चैंपियन बन जाएगी और वो भी कुछ इमरान खान जैसा ही कमाल कर सकते हैं। पाकिस्तान ने पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब साल 2009 में जीता था तो वहीं इंग्लैंड की टीम ने भी एक बार ये खिताब जीता था। यानी इंग्लैंड और पाकिस्तान के पास दूसरी बार टी20 वर्ल्ड चैंपियन बनने का बेहतरीन मौका है और दोनों में से जो टीम ये खिताब जीतेगी वो वेस्टइंडीज के रिकार्ड की बराबरी कर लेगी। वेस्टइंडीज ने दो बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता है।

# आरसीबी के इस तेज गेंदबाज को मुंबई ने अगले सीजन के लिए बेस प्राइस पर किया ट्रेड



नई दिल्ली, पांच बार की आइपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडार्फ को अगले सीजन यानी आइपीएल 2023 के लिए रायल चैलेंजर्स बैंगलोर से ट्रेड किया है। जेसन इस सीजन से पहले आरसीबी टीम का हिस्सा थे, लेकिन अगले सीजन में वो रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई के लिए गेंदबाजी करते हुए नजर आएंगे। आइपीएल ने ट्वीट करते हुए इस बात की घोषणा की और ये इस साल का पहला ट्रेड है। वैसे जेसन बेहरेनडार्फ इससे पहले मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा साल 2018 में रह चुके हैं। आइपीएल ने इसके लिए एक प्रेस रीलिज भी जारी किया और लिखा कि आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेसन को मुंबई ने टाटा आइपीएल 2023 सीजन के लिए आरसीबी से खरीद लिया है। मुंबई ने आरसीबी से इस तेज गेंदबाज को उनके बेस प्राइस 75 लाख रूपये में खरीदा। जेसन ने इससे पहले 2018 में मुंबई के खेला था जबकि साल 2021 में वो चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे तो वहीं साल 2022 में वो आरसीबी में शामिल हो गए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अब तक 9 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम पर 7 विकेट दर्ज है तो वहीं उनका बेस्ट प्रदर्शन 21 रन देकर 4 विकेट रहा है। आपको बता दें कि आइपीएल 2023 के लिए मिनी आक्शन का आयोजन 23 दिसंबर को किया जाएगा, लेकिन इससे पहले मुंबई ने अपने रीलिज और रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआइ को सौंप दी है। मुंबई ने जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया है उसमें रोहित शर्मा, देवल्ड ब्रेविस, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, डेनियल सैम्स, टिम डेविड, जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह, ट्रिस्टन स्टब्स और तिलक वर्मा शामिल हैं तो वहीं मुंबई की टीम ने फैबियन एलेन, कीरोन पोलार्ड, टाइमल मिल्स, मयंक मारकंडे और ऋतिक शौकिन को रीलिज कर दिया है।

# पाकिस्तान और इंग्लैंड के पास फिर से चैंपियन बनने का मौका



मेलबर्न। : पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टी–20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें इससे पहले एक–एक बार यह ट्राफी अपने नाम कर चुकी हैं और जो भी टीम फाइनल मुकाबले को जीतेगी वो दोबारा इस ट्राफी को अपने नाम कर लेगी। अभी तक सिर्फ वेस्टइंडीज ही एकमात्र ऐसी टीम है जिसने दो बार इस ट्राफी को अपने नाम किया है।इंग्लैंड की कमजोरी : इंग्लैंड की सबसे बड़ी कमजोरी उसका मध्यक्रम है जो अभी तक अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहा है। इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को पाकिस्तान के विरुद्ध जिम्मेदारी निभानी होगी। दूसरी ओर, अगर न्यूजीलैंड के विरुद्ध सेमीफाइनल मैच को छोड़ दें तो पाकिस्तान की बल्लेबाजी ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन नहीं किया था और उसके बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने पाकिस्तान बल्लेबाजों को सेमीफाइनल जैसा प्रदर्शन दोहराने की जरूरत होगी।

इंग्लैंड का मजबूत मजबूत पक्ष : इंग्लैंड का सबसे मजबूत पक्ष सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स और कप्तान जोस बटलर की ओपनिंग जोड़ी है। इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में भारत के गेंदबाजी आक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। दूसरी तरफ, पाकिस्तान का हमेशा से ही गेंदबाजी मजबूत पक्ष रहा है। दिलचस्प बात तो यह है कि इस विश्व कप में अबतक कोई भी टीम पाकिस्तान के विरुद्ध 160 रन से ज्यादा का स्कोर खड़ा नहीं कर सकी है। पाकिस्तान का मजबूत व कमजोर पक्षः पाकिस्तान की सबसे बड़ी मजबूती टीम के दोनों ओपनर बल्लेबाज बाबर आजम और मो. रिजवान हैं। अगर ये दोनों चल गए तो किसी भी टीम के लिए मुसीबत बन सकते हैं। वहीं अगर ये दोनों बल्लेबाज फेल हो गए तो पाकिस्तान की टीम दवाब में आकर बिखर सकती है।

# सूर्यकुमार यादव को जोस बटलर ने किया सपोर्ट, कहा– उन्हें मिलना चाहिए प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का खिताब




नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप 2022 में किए अपने प्रदर्शन के दम पर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा साथ ही सबको अपना मुरीद बना लिया। सूर्यकुमार यादव ने इस टूर्नामेंट में कई यादगार पारियां खेली साथ ही साथ उन्होंने जिस तरह से शाट्स लगाए उसकी चर्चा सबसे ज्यादा हुई। सूर्यकुमार यादव को एबी डिविलियर्स के बाद क्रिकेट वर्ल्ड का दूसरे 360 डिग्री बल्लेबाज माना जाने लगा है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए किस खिलाड़ी को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुना जाए इसके लिए कई खिलाड़ियों को नामित किया गया जिसमें भारत की तरफ से पूर्व कप्तान विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव शामिल हैं। इन दोनों के अलावा इस लिस्ट में इंग्लैंड के तीन खिलाड़ी– सैम कुर्रन, एलेक्स हेल्स और जोस बटलर, पाकिस्तान के दो खिलाड़ी– शादाब खान और शाहीन अफरीदी, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और जिंबाब्वे के सिकंदर रजा को शामिल किया गया। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि किसे ये खिताब दिया जाता है।

वैसे इस वर्ल्ड कप के फाइनल मैच से ठीक पहले यानी शनिवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर ने सूर्यकुमार यादव को सपोर्ट किया और कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि सूर्यकुमार यादव को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट होना चाहिए। आपको बता दें कि विराट कोहली ने इस वर्ल्ड कप में भारत के लिए 6 मैच खेले और इतनी ही पारियों में 98.66 की बेहतरीन औसत के साथ 296 रन बनाए। वहीं उन्होंने 4 अर्धशतक भी लगाया और उनकी बेस्ट पारी नाबाद 82 रन की रही जबकि इन मैचों में उन्होंने 25 चौके व 8 छक्के लगाए। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी भी काफी अच्छी रही और उन्होंने 6 मैचों की 6 पारियों में 59.75 की औसत के साथ 239 रन बनाए थे जिसमें 3 अर्धशतक शामिल रहे। उन्होंने 26 चौके व 9 छक्के लगाए जबकि बेस्ट स्कोर 68 रन रहा।

## फिल्मी गपशप

# दीपिका, रणबीर और सोनम ने बॉलीवुड में पूरे किए 15 साल, ऐसा रहा सफर



रणबीर कपूर, सोनम कपूर और दीपिका पादुकोण बॉलीवुड में आज के दौर के सबसे लोकप्रिय सितारे हैं और इन तीनों सितारों में एक समानता है। 9 नवंबर को तीनों ही सितारे बॉलीवुड में अपने 15 साल पूरे कर रहे हैं। दीपिका, रणबीर और सोनम ने करियर के इन सालों में खूब उतार चढ़ाव देखे हैं। इन्होंने कई यादगार फिल्में दीं तो वहीं कई फिल्में फ्लॉप हुईं। रणबीर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से 2007 में डेब्यू किया था। इस फिल्म ने रणबीर को एक चॉकलेटी बॉय के खांचे में डाल दिया। पहली फिल्म में क्रिटिक्स ने रणबीर का अभिनय नहीं सराहा था। बावजूद इसके उन्होंने बेस्ट डब्यू मेल के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। इसके बाद वेकअप सिड, रॉकेट सिंह और राजनीति जैसी फिल्मों से उनके अभिनय की प्रशंसा हुई। हालांकि, शुरुआती दौर में रणबीर मुख्यतः चॉकलेटी बॉय की छवि में ही रहे।

2011 की फिल्म रॉकस्टार रणबीर के अभिनय के लिए टर्निंग पॉइंट रही। फिल्म में जॉर्डन के किरदार में उन्होंने तेज–तर्रार अभिनय किया। उनकी फिल्म बर्फी भारत की ओर से ऑस्कर के लिए भेजी गई। ये जवानी है दीवानी से उन्होंने युवाओं का दिल जीता तो इम्तियाज अली की तमाशा में उनके अभिनय में परिपक्वता देखने को मिली। फिल्म संजू में उन्होंने संजय दत्त के जीवन के अलग–अलग दौर को प्रदर्शित करने का चुनौतीपूर्ण काम बखूबी किया।

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान की फिल्म ओम शांति ओम से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार निर्देशक फराह खान ने हिमेश रेशमिया के एक वीडियो में उन्हें देखा था और अपनी फिल्म के लिए पसंद कर लिया। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आई थीं। करियर के शुरुआती दौर में दीपिका ज्यादातर अपने ग्लैमरस लुक के लिए पहचानी गईं। बचना ऐ हसीनो, हाउसफुल, दम मारो दम जैसी फिल्मों में उन्होंने अपने ग्लैमर का जादू चलाया।

इम्तियाज अली की फिल्में लव आज कल और कॉकटेल में दीपिका के काम की तारीफ हुई। फिल्म ये जवानी है दीवानी, चेन्नई एक्सप्रेस और तमाशा से दीपिका ने दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों के दिलों में जगह बनाई। भंसाली के साथ साझेदारी ने दीपिका की छवि ही बदल दी। भंसाली की फिल्में, गोलियों की रासलीला– रामलीला, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में दीपिका ने अपने काम में महारथ हासिल की और स्टारडम की बुलंदियों को छुआ। सोनम कपूर ने भी रणबीर के साथ भंसाली की फिल्म सांवरिया से बड़े पर्दे पर अपना सफर शुरू किया था। सोनम इंडस्ट्री में अपने स्टाइल और फैशन के लिए जानी जाती हैं। पर्दे पर वह अपने अभिनय का ज्यादा दमखम नहीं दिखा सकीं। करियर की शुरुआत में उन्होंने अपने लिए आई हेट लव स्टोरीज, आयशा, थैंक्यू, मौसम जैसी फिल्में चुनीं। इन फिल्मों में सोनम के अभिनय की आलोचना ही हुई। दर्शकों ने भी इन्हें खास पसंद नहीं किया। हालांकि, आलोचनाओं के बाद भी सोनम ने कभी पीछे मुडक़र नहीं देखा और खुद को व्यस्त ही रखा। 2009 की फिल्म दिल्ली 6 से सोनम ने चर्चा बटोरी थी। वहीं 2013 की फिल्म रांझणा उनकी सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्मों में से एक है। 2016 की उनकी फिल्म नीरजा को बेस्ट फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। पैडमैन और संजू जैसी फिल्मों में छोटी भूमिकाओं में उनकी उपस्थिति को सराहना मिली।

# सोलो ट्रिप का आनंद ले रहे हैं सिंगर दिलजीत दोसांझ



अभिनेता–गायक दिलजीत दोसांझ, जो उड़ता पंजाब, गुड न्यूज और जट्ट एंड जूलियट जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, फिलहाल बर्फ में सोलो ट्रिप का आनन्द लेने पहुंचे हैं।

एक कुड़ी के हिटमेकर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की है जिसमें उन्हें सोलो ट्रिप पर जाने की तैयारी करते देखा जा सकता है।रील उन्हें खाना बनाते हुए, अपना बैग पैक करते हुए, एक अज्ञात स्थान पर जाते हुए और सर्दियों के कपड़े पहने हुए बर्फ की शांति में अपने भोजन का आनंद लेते हुए दिखाती है।

उन्होंने अपनी रील को कैप्शन दिया, माई किंडा डे, सोलो ट्रिप।

हालांकि, उनके अनुयायी उनसे यह पूछते हुए भ्रमित हो गए कि अगर वह एकल यात्रा पर है तो वीडियो कौन रिकॉर्ड कर रहा है।

अभिनेता–गायक ने तब अपना कैप्शन कैमरामैन–दोसांझवाला में संपादित किया, जिसका अर्थ है कि यह तिपाई का युग है और कोई भी तिपाई के साथ किसी भी एंगल से कुछ भी शूट कर सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें आखिरी बार स्ट्रीमिंग फिल्म जोगी में देखा गया था,

# आंखें एक ऐसा तोहफा है जिसे आपको कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए : शिल्पा शेट्टी



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी, जो योग करती हैं, ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों से अपनी आंखों की अच्छी देखभाल करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि आंखें एक ऐसा उपहार है जिसे किसी को भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। कंप्यूटर विजन सिंड्रोम के बारे में एक विस्तृत पोस्ट लिखते हुए, जो सूखापन और लाल आंखों का कारण बनता है, उन्होंने कहा, मैंने हाल ही में कहीं पढ़ा है कि स्क्रीन के लगातार संपर्क में आने से सूखापन और लाल आंख होती है, जिसे अब आमतौर पर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है। इस जानकारी ने वास्तव में मुझे चिंतित कर दिया। हालांकि हम तकनीक से बच नहीं सकते हैं, हम जो कर सकते हैं वह पर्याप्त नमी बनाए रखते हुए अपनी आंखों की उचित देखभाल कर सकते हैं।आंखों की सफाई की दिनचर्या या नेत्र योग का अभ्यास करने के लिए दिन के दौरान कुछ मिनट बाहर निकलें।यह दिनचर्या ध्ष्टि में सुधार करने में मदद करती है। यह डिजिटल आंखों के तनाव को कम करने में भी मदद करती है, आंखों के सूखेपन को रोकती है और आंखों के क्षेत्र में रक्त परिसंचरण को बढ़ाती है, जिससे एकाग्रता में सुधार शामिल है।अपनी आंखों का ख्याल रखना, मेरे प्यारे इंस्टा परिवार, यह एक ऐसा उपहार है जिसे हमें कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए।अभिनेत्री ने आंखों पर तनाव कम करने के लिए नेत्र योग कैसे करें, इसका एक वीडियो भी पोस्ट किया।

# एक्शन फिल्म करने आ रहे 4 सुपरस्टार, बाप से सामने आया सबका लुक



काफी समय से खबर आ रही थी कि सनी देओल, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और मिथुन चक्रवर्ती एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। खुद जैकी ने भी इस ओर इशारा किया, लेकिन निर्माताओं की तरफ से इसका आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ था। अब आखिरकार बॉलीवुड के दिग्गज सितारों से जुड़ी इस फिल्म की घोषणा हो गई है और साथ ही सितारों का दमदार लुक भी दर्शकों के बीच आ गया है।

चार सुपरस्टार सनी, संजय दत्त, मिथुन और जैकी जो एक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं, उसका नाम बाप ऑफ ऑल फिल्म्स बताया जा रहा है। इससे सितारों की पहली झलक सामने आ गई है, जिस पर लोग खूब प्यार बरसा रहे हैं। सनी ने सोशल मीडिया पर लुक शेयर कर लिखा, बाप ऑफ ऑल फिल्म्स, शूट, धमाल, दोस्ती, बेमिसाल। उनके पोस्ट पर लोग भर–भरकर कमेंट कर रहे हैं। जी स्टूडियो ने भी पोस्टर रिलीज कर दिया है।

कलाकारों ने इस एक्शन एंटरटेनर फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्देशन की बागडोर विवेक चौहान के हाथ में है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड में अपने निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। अहमद खान, शाइरा अहमद खान और जी स्टूडियो ने इसे बनाया है। बीते जमाने के चारों सितारों को साथ देख फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। ये सभी फिल्म में एक्शन करते दिखेंगे। पहली बार ये चारों सितारे किसी फिल्म के लिए साथ आए हैं।

जैकी श्रॉफ–संजय ने खलनायक जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। सनी के साथ जैकी बॉर्डर, त्रिदेव और दुश्मनी फिल्मों में दिखे। सनी और संजय ने योद्धा, क्षत्रिय और क्रोध जैसी फिल्मों में साथ काम किया, वहीं संजय–मिथुन लक और इलाका जैसी फिल्मों के लिए साथ आए। जैकी ने इसी साल जून में एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह मिथुन और संजय के साथ नजर आ रहे थे। उन्होंने लिखा था, जहां चार यार मिल जाए... अरे चौथा किधर है भिडू..। जैकी के इसी ट्वीट को सनी ने रीट्वीट कर लिखा था, तुम लोग काफी फिट लग रहे हो, मैं भी अपना ढाई किलो का हाथ लेकर आ रहा हूं। उस समय यह प्रोजेक्ट पहली बार चर्चा में आया था। सनी थ्रिलर फिल्म चुप में नजर आएंगे। इसके अलावा वह फिल्म अपने 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। गदर 2 भी सनी की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com